www.anokhateer.com anokhateer@gmail.com पंजीयन क्रमांक-एमपीएचआईएन 69306/1998

दैनिक
# अनोखा तीर
हरदा एवं नर्मदापुरम् से एक साथ प्रकाशित
निशाने पर हर खबर

Epaper

28 मार्च 2026
हरदा, शनिवार
वर्ष-15, अंक - 289, पृष्ठ-8
मूल्य- 2 रुपए
चैत्र शुक्ल पक्ष - 10
विक्रम संवत् 2082

देश में सबसे तेज गति से आगे बढ़ रहा है मध्यप्रदेश : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

# मप्र 11.6% विकास दर से कर रहा प्रगति

● जनकल्याणकारी योजनाओं के लिए हमारे पास पर्याप्त धनराशि ● पीएम मोदी के नेतृत्व पर भरोसा, जनता पसंद कर रही है सरकार के काम ● अब तक का सबसे सुव्यस्थित और भव्य होगा उज्जैन सिंहस्थ ● सिंहस्थ में आने वाले अनुमानित 40 करोड़ श्रद्धालुओं के लिए की जा रही हैं तैयारियां

**अनोखा तीर, भोपाल ।**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार ने वित्तीय संसाधनों के समुचित प्रबंधन से अच्छे परिणाम देने का मॉडल तैयार किया है। हम कम संसाधनों में भी बेहतर से बेहतर रिजल्ट दे रहे हैं। आज हमारा मध्यप्रदेश देश में सबसे तेज गति से आगे बढ़ने वाले प्रदेश के रूप में पहचाना जा रहा है। मध्यप्रदेश 11.60 प्रतिशत की विकास दर से तेजी से आगे बढ़ रहा है। राज्य सरकार के पास 106 प्रकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के लिए समानुपातिक आवंटन के लिए पर्याप्त धनराशि है। जनकल्याण के साथ हम प्रदेश के औद्योगिक और अधोसंरचनात्मक विकास के लिए भी सभी जरूरी कदम उठा रहे हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को नई दिल्ली में एक राष्ट्रीय मीडिया समूह की एनुअल समिट को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमारी सरकार ने विकास के लिए हर क्षेत्र में बहुत अच्छा काम किया है। हमारी कृषि विकास दर भी पहले से बेहतर हुई है। हमने बीते दो साल में औद्योगिक विकास पर विशेष ध्यान देकर जीआईएस और रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव कर मध्यप्रदेश में निवेश के लिए एक नया माहौल तैयार किया है।



उन्होंने कहा कि बीते दो साल में प्रदेश में करीब 9 लाख करोड़ रुपये से अधिक का निवेश धरातल पर आया है। यह हमारे अपने राज्य की एक बहुत बड़ी उपलब्धि है। लाड़ली बहना योजना में हमारी 1 करोड़ 25 लाख 27 हजार बहने हैं। इनके हित में हम हर महीने 1500-1500 रुपये खाते में डाल रहे हैं। किसानों को किसान सम्मान निधि भी दे रहे हैं। भारत सरकार के वित्तीय व्यवस्था के जो उच्चतम मापदंड है उसके दायरे में रहकर हम अपनी आय-व्यय को विनियमित कर विकास की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष अपने पद के अनुरूप आचरण नहीं कर रहे हैं। उन्हें कितना बड़ा मौका मिला है, लेकिन उन्होंने इस पद की गरिमा का पतन कर दिया है। भारत-पाकिस्तान में स्ट्राइक हो रही है और अपोजिशन लीडर सेना का मनोबल गिरा रहे हैं। ऐसा पहले कभी नहीं हुआ। वर्ष 1971 में बांग्लादेश के समय स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेई पूरी दृढ़ता से सरकार के साथ खड़े रहे। उन्होंने कहा था हम सेना के साथ हैं। जब राष्ट्रीय संकट हो तो देश के साथ रहना चाहिए, यह विपक्ष को सीखना चाहिए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जल और वायु हमेशा सीमाओं से परे होती है।

# मप्र में बिजली बिल में अप्रैल से होगी बढ़ोतरी

2000 रुपए तक बढ़ेगा आपका खर्च



**अनोखा तीर, भोपाल ।** मध्य प्रदेश में बिजली उपभोक्ताओं को बड़ा झटका लगने वाला है। एक बार फिर से बिजली बिल बढ़ने वाले हैं। इसका असर आम आदमी की जेब पर पड़ेगा। लोग पहले से ही गैस और पेट्रोलियम पदार्थों की किल्लत से जूझ रहे हैं। एमपी में रेगुलेटर ने अप्रैल से टैरिफ में 4.8 फीसदी की बढ़ोतरी को मंजूरी दे दी है। वहीं, इसे प्रस्तावित बढ़ोतरी से कम बताया गया है। गर्मियों के महीने में उपभोक्ताओं पर इसका असर ज्यादा होगा।

### 150 रुपए तक बढ़ सकता है बिजली बिल

दरअसल, एक मीडिल क्लास फैमिली महीने में लगभग 400 यूनिट बिजली खर्च करता है। ऐसे में बिजली बिल लगभग 150 से 160 रुपए तक बढ़ सकता है। ऐसे में लोगों पर साल में 1900 रुपए का अतिरिक्त बोझ पड़ेगा।

### गर्मियों में ज्यादा दिखेगा असर

वहीं, इसका असर सबसे अधिक गर्मियों में दिखेगा। अगर परिवार के पास एसी, एक फ्रिज, दो पंखे, एलईडी लाइटें और टीवी है तो एयर कंडीशनर में सबसे अधिक बिजली खपत है। इसकी वजह से गर्मियों में बिजली बिल में बढ़ोतरी के बाद घर के बजट पर असर दिख सकता है।

### बिजली बिल बढ़ोतरी का उपभोक्ताओं पर ऐसे होगा असर

● अभी आपका बिजली बिल 3236 आ रहा तो बढ़ोतरी के बाद 3394 रुपए आएगा ● महीने में आपका बिजली बिल 158 रुपए बढ़ जाएगा ● साल में आपका बिजली बिल 1900 रुपए बढ़ जाएगा

### यहां सबसे ज्यादा बिजली की खपत

● अगर आपके घर में एक टन की एसी है तो 288 यूनिट की खपत ● फीज पर 36 यूनिट की खपत ● दो पंखे में 54 यूनिट की खपत ● आठ एलईडी लाइट में 14 यूनिट की खपत

### बढ़ोतरी के बाद ऐसे लगेगा चार्ज

● 0 से 50 यूनिट तक 4.71 रुपए प्रति यूनिट चार्ज ● 51 से 150 यूनिट तक 5.67 रुपए प्रति यूनिट चार्ज ● 151 से 300 यूनिट तक 7.05 रुपए प्रति यूनिट चार्ज ● 300 यूनिट से ऊपर 7.24 रुपए प्रति यूनिट चार्ज ● यूनिट चार्ज के अलावा फिक्स्ड चार्ज भी लगेगा

### 6000 करोड़ रुपए के घाटे में बिजली कंपनियां



वहीं, बिजली वितर कंपनियों ने 2026-27 के लिए 6000 करोड़ रुपए से ज्यादा के अनुमानित राजस्व घाटे का हवाला दिया है। टैरिफ में 10.19 फीसदी की भारी बढ़ोतरी की मांग की थी। हालांकि जांच पड़ताल के बाद आयोग ने अनुमानित खर्चों में कटौती कर दी है। नियामक आयोग ने बताया कि मौजूदा दरों पर डिस्कॉम के पास वास्तव में लगभग 4400 करोड़ रुपए का अधिशेष होगा। उपभोक्ता पर पड़ने वाले इस बोझ के बावजूद टू अप समायोजनों के कारण इस बढ़ोतरी की अनुमति दी गई है। समायोजनों को ध्यान में रखने के बाद 2026-27 के लिए शुद्ध घाटा लगभग 2867 करोड़ रुपए आंका गया, जिसके बाद टैरिफ में 4.8 फीसदी की बढ़ोतरी की गई है।

दिवंगत के परिजन को

# संबल योजना से भी दिये जायेंगे 4-4 लाख रुपये : सीएम



● छिंदवाड़ा के करेर गांव पहुंचकर सीएम ने मृतक-घायलों के परिजन को ढांढस बंधाया ● सभी घायलों को दी जाएगी एक-एक लाख रुपये की आर्थिक सहायता

**अनोखा तीर, भोपाल ।**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने छिंदवाड़ा जिले में गुरुवार को हुई सड़क दुर्घटना में दिवंगत हुए नागरिकों के परिजन से भेंट कर उन्हें सांत्वना प्रदान की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि दुर्घटना पीड़ादायक है। मध्यप्रदेश सरकार प्रभावित परिवारों के संकट की घड़ी में उनके साथ है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सड़क दुर्घटना में दिवंगत नागरिकों के परिजन को 4-4 लाख रुपए की सहायता राशि स्वीकृत की गई थी। इन परिवारों को संबल योजना की 4 लाख रुपये की राशि भी प्रदान की जायेगी। साथ ही दुर्घटना में घायल व्यक्तियों को भी आवश्यक सहायता और निःशुल्क उपचार सुविधा उपलब्ध करवाई गई है।

● **जिला अस्पताल में उपचाररत घायलों के जाने हाल-** मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जिला चिकित्सालय छिंदवाड़ा में गुरूवार को हुई सड़क दुर्घटना के घायल व्यक्तियों से भेंट की और उनके स्वास्थ्य का हाल-चाल जाना। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने चिकित्सकों को सभी घायलों की समुचित चिकित्सा के निर्देश दिए। उन्होंने अब तक किए गए उपचार की जानकारी ली और निर्देश दिए कि आवश्यकता पड़ने पर घायलों को नागपुर अथवा अन्य उच्च चिकित्सा संस्थानों में भेजने की व्यवस्था की जाए। राज्य सरकार घायलों के नि:शुल्क उपचार के लिए कटिबद्ध है।



● **घायलों का सहयोग करने वाले जवानों को किया जायेगा पुरस्कृत-** मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने छिंदवाड़ा जिला प्रशासन, नागरिकों और पुलिस बल के उन जवानों की सराहना की, जिन्होंने दुर्घटना के बाद सभी स्थितियों को कुशलतापूर्वक सम्हाला। उन्होंने उन पुलिस जवानों को पुरस्कृत करने की घोषणा की, जिन्होंने घायलों की पूरी संवेदनशीलता और तत्परता से सहायता की।


# नेहरू स्टेडियम के पास पेट्रोल पंप पर खुली लूट!

बोर्ड पर कुछ, वसूली कुछ और

● **सरकार ने घटाई ड्यूटी, पेट्रोल पंप वाले ने बढ़ाएं दाम**

**अनोखा तीर, हरदा।** भारत सरकार ने आज ही पेट्रोल पर ड्यूटी कम करते हुए उपभोक्ताओं को दाम नहीं बढ़ाएं जाने की राहत प्रदान की, लेकिन हरदा में इसके ठीक विपरीत पेट्रोल के दाम बढ़ा दिए गए। शहर के नेहरू स्टेडियम के पास स्थित श्री हरि भाग्यश्री ऑटो सेंटर पर उपभोक्ताओं के साथ खुली ठगी का मामला सामने आया है। यहां नायरा कंपनी का ईंधन उपलब्ध होने के बावजूद कथनी और करनी में अंतर वाली कहावत पूरी तरह चरितार्थ होती दिख रही है। सरकार की मंशा के ठीक उल्टा यह कार्य आखिर शहर के पेट्रोल पंप संचालक द्वारा कैसे किया जा रहा है, यह प्रशासनिक लापरवाही को प्रदर्शित करता है। उल्लेखनीय है कि पेट्रोल पंप के बाहर लगे डिस्प्ले बोर्ड पर पेट्रोल की कीमत 107 रुपए 23 पैसे प्रति लीटर दर्शाई जा रही है, लेकिन हकीकत इससे बिल्कुल उलट है। उपभोक्ताओं से 112 रुपए 24 पैसे प्रति लीटर के हिसाब से वसूली की जा रही है। यानी हर लीटर पर करीब 5 रुपए की अतिरिक्त वसूली कर आम जनता की जेब पर डाका डाला जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह सिर्फ लापरवाही नहीं, बल्कि सुनियोजित तरीके से की जा रही धोखाधड़ी है। सवाल यह उठता है कि आखिर प्रशासन की निगरानी में इस तरह की खुली लूट कैसे जारी है? क्या संबंधित विभाग को इसकी भनक नहीं, या फिर सब कुछ जानबूझकर नजरअंदाज किया जा रहा है। आपदा में अवसर की तर्ज पर चल रही इस वसूली ने उपभोक्ताओं में भारी आक्रोश पैदा कर दिया है। लोग मांग कर रहे हैं कि तत्काल जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए और उपभोक्ताओं से वसूली गई अतिरिक्त राशि वापस कराई जाए। अब देखना यह होगा कि प्रशासन इस गंभीर मामले पर क्या रुख अपनाता है, कार्रवाई या फिर चुप्पी?





ESSAR NAYARA
श्री हरि भाग्यश्री ऑटो सेन्टर
नेहरू स्टेडियम के सामने, छीपानेर रोड, हरदा (म.प्र.) 461331
डीलर : नायरा एनर्जी प्रा.लि.
GSTIN-23ADRFS8321A1Z7 MS/HSD Food L.No.-02/2019
M.7000065026
क्रेडिट मेमो
बिल क्र. 6424 दिनांक 27/3/26
श्री


| विवरण | मात्रा | दर/लीटर रु. | पै. | कीमत रु. | पै. |
|---|---|---|---|---|---|
| डीजल | | | | | |
| ULP पेट्रोल | 1. L | 112.24 | | 112 | |
| आईल | | | | | |
| भूल चूक लेनी-देनी | | | योग | 112 | |

# ग्वालियर समेत 7 जिलों में आज गिर सकता है पानी

मार्च में तीसरी बार आंधी-बारिश का अलर्ट; अगले 3 दिन ऐसा ही मौसम

**अनोखा तीर, भोपाल ।**

वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) और साइक्लोनिक सर्कुलेशन सिस्टम (चक्रवात) की वजह से मध्य प्रदेश में शुक्रवार से मौसम का मिजाज बदल गया। मौसम केंद्र ने अगले 24 घंटे के अंदर ग्वालियर समेत 7 जिलों में आंधी-बारिश का अलर्ट जारी किया है। मार्च में तीसरी बार पानी गिरने का अनुमान है। इससे पहले प्रदेश में दिन का पारा 41.6 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। नर्मदापुरम सीजन का



सबसे गर्म दिन रहा। अगले 3 दिन यानी, 30 मार्च तक ऐसा ही मौसम बना रहेगा। मौसम विभाग के अनुसार, प्रदेश के ऊपरी हिस्से में वेस्टर्न डिस्टरबेंस सक्रिय है। वहीं, पश्चिमी हिस्से में दो चक्रवात एक्टिव है। इनकी वजह से प्रदेश में मौसम बदल रहा है। शुक्रवार को ग्वालियर, भिंड, दतिया, निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर और पन्ना में बारिश होने के आसार है। इन जिलों में 40 से 50 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से आंधी भी चल सकती है।

श्रीराम नवमी...



हिन्दू उत्सव समिति ने निकाली भव्य शोभायात्रा

# श्रद्धालुओं ने घरों के सामने दीप जलाकर किया स्वागत





**अनोखा तीर, हरदा।**

शुक्रवार शाम को रामनवमी के अवसर पर श्री हिन्दू उत्सव समिति ने प्रभु श्री राम की भव्य शोभायात्रा निकाली। यह शोभायात्रा संत रविदास चौक से शुरू होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए परशुराम चौक तक जाएगी। इसका आयोजन श्री हिन्दू उत्सव समिति, विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के संयुक्त तत्वावधान में किया गया है। शोभायात्रा में प्रभु श्री राम, लक्ष्मण, जानकी, हनुमान जी, केवट और माता शबरी की झांकियां मुख्य आकर्षण का केंद्र रहीं। इनके अतिरिक्त, भजन-कीर्तन, ढोल-नगाड़े, अखाड़ों का शौर्य प्रदर्शन, संतों के रथ और सुसज्जित वाहन भी शामिल थे। रामनवमी के इस पावन पर्व पर शहरवासियों ने अपने घरों के सामने रंगोली बनाकर और दीपक जलाकर शोभायात्रा का स्वागत किया। पूर्व मंत्री कमल पटेल ने बताया कि प्रभु श्रीराम का जन्मोत्सव पूरे देश सहित हरदा में भी हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शोभायात्रा के माध्यम से सामाजिक समरसता और भाईचारे का संदेश दिया जा रहा है, साथ ही रामजी के चरित्र को आत्मसात करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष मुन्नालाल धनगर ने कहा कि शोभायात्रा में राम जी के जीवन से जुड़ी झांकियों के माध्यम से सभी को मिलजुलकर रहने और राम के आदर्शों पर चलकर देश व समाज के लिए त्याग व समर्पण करने की प्रेरणा दी जा रही है। उन्होंने सनातन धर्म के लोगों से एकजुट होने का आह्वान भी किया, जिससे देश सशक्त और मजबूत बन सके। शोभायात्रा का समापन परशुराम चौक पर मां भारती और भगवान श्रीराम की आरती के साथ किया गया। समिति ने यात्रा को भव्य और सफल बनाने में सहयोग के लिए धर्म प्रेमी जनता का आभार व्यक्त किया।

भारतीयों के लिए...

# पाकिस्तानी युवक बना फरिश्ता

### जान पर खेलकर बाढ़ के पानी से निकाला, दुनिया कर रही सलाम

**मस्कट (एजेंसी)।** भारत और पाकिस्तान का नाम साथ आते ही दशकों के टकराव और तनाव की तस्वीर उभरकर सामने आती है। दोनों के बीच दुश्मनी राजनीतिक बयानबाजी से लेकर खेल के मैदान तक यह साफ नजर आती है। लेकिन खाड़ी देश ओमान में एक पाकिस्तानी प्रवासी ने कुछ ऐसा किया है, जिसकी खूब तारीफ हो रही है। पाकिस्तानी नागरिक ने ओमान में बाढ़ के पानी में बह गई कार से दो भारतीय नागरिकों को बचाया। मस्कट की स्थानीय रिपोर्ट में बताया गया कि घटना बीते



रविवार की है। उस दिन ओमान के कई हिस्सों में बारिश हुई थी, जिससे बारिश के करण नदियां उफान पर आ गईं। बाढ़ का पानी रिहायशी और निचले इलाकों में घुस गया। बाढ़ की चपेट में आकर कम से कम 10 लोगों की मौत हुई है, जबकि दर्जनों लोगों को बचाया गया है। इसी बाढ़ के बीच दो भारतीय बाढ़ के पानी में फंस गए, जिनके लिए पाकिस्तान के शहजाद खान फरिश्ता बनकर आए। 25 वर्षीय शहजाद खान को पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा के रहने वाले है। वे बरका में रहकर मजदूरी करने का काम करते हैं। खान ने बताया कि बाढ़ वाली नदी के पास सैकड़ों लोग जमा थे। इसी दौरान मदद के लिए लोग चिल्ला रहे थे।

# चीन सीमा पर भारत की 'अभेद्य दीवार' तैयार

- आईटीबीपी ने स्थापित कर दीं 29 नई चौकियां
- सीमाई इलाकों में मजबूत की अपनी उपस्थिति

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) ने 2020 से भारत-चीन सीमा पर 29 नई चौकियां स्थापित कर अपनी उपस्थिति मजबूत की है। यह 3,488 किलोमीटर लंबी सीमा पर व्यापक सुरक्षा व्यवस्था का हिस्सा है। गृह मंत्रालय द्वारा जारी 2024-25 की रिपोर्ट में कहा गया है कि नई सीमा चौकियां (बीओपी) हिमालय के पश्चिमी, मध्य और पूर्वी क्षेत्रों में 9,000 फीट से 18,750 फीट की ऊंचाई तक फैली हुई हैं, जो लद्दाख के काराकोरम दर्रे से लेकर अरुणाचल प्रदेश के जाचेप



ला तक जाती हैं। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि आईटीबीपी की कुल 209 बीओपी हैं। मंत्रालय की 2020-21 की पिछली रिपोर्ट के अनुसार, आईटीबीपी द्वारा बीओपी की संख्या 180 थी। इसी रिपोर्ट में कहा गया है कि बीओपी की संख्या में यह वृद्धि 2020 में गलवान घाटी में भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच हुई झड़प के बाद हुई है। नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार, आईटीबीपी ने अप्रैल से दिसंबर 2024 तक भारत-चीन सीमा पर कड़ी निगरानी रखने के लिए 4,503 गश्तें कीं।

## संक्षिप्त समाचार

### रामनवमी पर अयोध्या में रामलला का सूर्य तिलक

- 9 मिनट ललाट पर पड़ीं किरणें, पंचामृत से अभिषेक
- स्वर्ण जड़ित पीतांबर पहनाया, 10 लाख श्रद्धालु पहुंचे



**अयोध्या (एजेंसी)।** अयोध्या में रामनवमी पर शुक्रवार दोपहर 12 बजे अभिजीत मुहूर्त में रामलला का सूर्य तिलक हुआ। 9 मिनट तक भगवान के ललाट पर नीली किरणें पड़ीं। प्राण-प्रतिष्ठा के बाद रामलला का यह दूसरा सूर्य तिलक है। पीएम मोदी ने टीवी पर इसे लाइव देखा। सूर्य तिलक के साथ ही रामलला का जन्म हो गया। इस दौरान 14 पुजारी गर्भगृह में मौजूद रहे। उन्होंने विशेष पूजा और आरती की। सूर्य तिलक



के बाद कुछ देर के लिए मंदिर के पट बंद कर दिए गए। रामलला को 56 तरह के व्यंजन का भोग लगाया गया। सूर्य तिलक के लिए अष्टधातु के 20 पाइप से 65 फीट लंबा सिस्टम (स्ट्रक्चर) बनाया गया है। 4 लेंस और 4 मिरर के जरिए गर्भगृह तक रामलला के मस्तक पर किरणें पहुंचाई गईं। गर्भगृह को फूलों से सजाया गया है। सुबह 5.30 बजे रामलला को पीतांबर पहनाया गया। फिर आरती की गई। आज आम दिनों के मुकाबले भक्त 3 घंटे ज्यादा रामलला के दर्शन कर पाएंगे। सुबह 5 बजे से रात 11 बजे तक यानी 18 घंटे दर्शन होंगे। पहले सुबह 6.30 से रात 9.30 तक दर्शन होते थे। राम जन्मभूमि ट्रस्ट के मुताबिक, मंदिर परिसर में लंबी लाइनें लगी हैं। राम पथ, भक्ति पथ और जन्मभूमि पथ पर भीड़ ज्यादा है। करीब 10 लाख लोग रामलला के दर्शन करने पहुंचे हैं।

### रनवे पर गरजे विमान आज होगा शुभारंभ

- नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर पीएम मोदी के स्वागत की तैयारी

**ग्रेटर नोएडा (एजेंसी)।** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के लोकार्पण समारोह की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। अधिकारी दिन-रात सभी काम पूरा कराने में जुटे है। गुरुवार को एयरपोर्ट साइट पर वायु सेना के विमान उतरे। उन्होंने पूर्वाभ्यास किया। उम्मीद है कि शुक्रवार शाम को




मुख्यमंत्री ग्रेटर नोएडा पहुंचे और तैयारियों की समीक्षा करें। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 28 मार्च को सुबह करीब 11.30 बजे टर्मिनल भवन का निरीक्षण कर नोएडा एयरपोर्ट का लोकार्पण करेंगे। दोपहर करीब 12 बजे वह जनसभा को संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को लेकर प्रशासन अलर्ट मेड पर है। अफसर नोएडा एयरपोर्ट में डेरा डाले हुए हैं। तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

**विशेष विमान से नोएडा एयरपोर्ट पहुंचेंगे पीएम-** पीएम शनिवार को विशेष विमान से एयरपोर्ट पहुंचेंगे। गुरुवार को वायुसेना के विमान एयरपोर्ट साइट में जनसभा स्थन के पास उतरे। उन्होंने पीएम के आने से पहले का अभ्यास किया। वहीं, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार शाम को ग्रेटर नोएडा आ सकते हैं। वह एयरपोर्ट साइट पर भी आ सकते हैं।

### सेना 800 किमी रेंज वाली

# ब्रह्मोस क्रूज-मिसाइल खरीदेगी

- अभी 450 किमी तक निशाना साधने वाली मिसाइल मौजूद, ऑपरेशन सिंदूर में इस्तेमाल हुआ था

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय सेना 800 किमी से ज्यादा रेंज वाली ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल खरीदने की तैयारी में है। फिलहाल सेना के पास 450 किमी तक मारक क्षमता वाली ब्रह्मोस मिसाइल मौजूद है। न्यूज एजेंसी के मुताबिक, रक्षा अधिकारियों ने बताया कि सेना इस नए वर्जन का बड़ा ऑर्डर देने की योजना बना रही है। रक्षा मंत्रालय की उच्चस्तरीय बैठक में इस प्रस्ताव को जल्द मंजूरी मिल सकती है। मई 2025 में भारत-पाकिस्तान जंग के दौरान ऑपरेशन सिंदूर में ब्रह्मोस मिसाइल का इस्तेमाल किया गया था। भारतीय सेनाओं ने पाकिस्तान एयरफोर्स के कई ठिकानों को निशाना बनाया था। अब 800 किमी की रेंज वाले नई मिसाइलों के आने के बाद दिल्ली से ही पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद को निशाना बनाया जा सकेगा। दिल्ली और इस्लामाबाद की हवाई दूरी 700 किमी है।




**● मिसाइल फोर्स और ड्रोन पर बढ़ रहा फोकस-** भारतीय सेना एक समर्पित मिसाइल फोर्स बनाने और मिसाइलों की संख्या बढ़ाने पर काम कर रही है। सेना अपने वर्कशॉप में ड्रोन का बड़े पैमाने पर निर्माण भी कर रही है। अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच जारी जंग ने लंबी दूरी तक मार करने वाली मिसाइलों की अहमियत को और बढ़ा दिया है।

#### भारत-रूस का संयुक्त प्रोजेक्ट है ब्रह्मोस

ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल भारत और रूस का संयुक्त प्रोजेक्ट है, जिसका अधिकांश हिस्सा अब स्वदेशी हो चुका है। यह मिसाइल तीनों सेनाओं के पास है और इसे हवा, समुद्र और जमीन से हमले के लिए इस्तेमाल किया जाता है। ब्रह्मोस को भारत के रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन और रूस के फेडरल स्टेट यूनिटरी इंटरप्राइज के बीच साझा समझौते के तहत विकसित किया गया है। ब्रह्मोस एक मध्यम श्रेणी की स्टील्थ रैमजेट सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल है।

### पेट्रोल-डीजल पर एक्साइज ड्यूटी घटी

# नहीं बढ़ेंगे दाम

- मोदी सरकार ने जनता को दी बड़ी राहत, 10-10 रुपए घटाई एक्साइज ड्यूटी




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सरकार ने पेट्रोल और डीजल पर एक्साइज ड्यूटी में 10-10 रुपए की कटौती कर दी है। पेट्रोल पर ड्यूटी 13 रुपए प्रति लीटर से घटाकर 3 रुपए, जबकि डीजल पर 10 से शून्य कर दी गई है। एक्साइज ड्यूटी घटाकर पेट्रोल-डीजल के दामों को स्थिर रखा गया है। यूएस-इजराइल के साथ ईरान की जंग के चलते अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दाम 70 डॉलर से बढ़कर 100 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गए हैं। इससे तेल कंपनियों को 30 रुपए प्रति लीटर तक घाटा हो रहा था। घाटा कवर करने के लिए तेल कंपनियां दाम बढ़ा सकती थीं। न्यूज एजेंसी के मुताबिक, सरकार ने पेट्रोल पर एक्साइज ड्यूटी में 10 की कमी की है, जिससे अब यह घटकर 3 प्रति लीटर रह गई है। वहीं, डीजल पर भी 10 की कटौती की गई है।

### कौशांबी में पिकअप ट्रेलर में घुसी

# 8 लोगों की मौत

- मरने वालों में 5 महिलाएं और 3 बच्चे; प्रयागराज से मुंडन कराकर लौट रहे थे

**कौशांबी (एजेंसी)।** कौशांबी में श्रद्धालुओं से भरी एक पिकअप ट्रेलर से टकरा गई। इस हादसे में 8 लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में 5 महिलाएं और 3 बच्चे शामिल हैं। 29 लोग घायल हैं। इनमें से दो लोगों की हालत गंभीर होने पर प्रयागराज रेफर कर दिया गया है। 27 घायलों का इलाज जिला अस्पताल और एम्स में चल रहा है। सभी लोग प्रयागराज से मुंडन कराकर अपने घर फतेहपुर जा रहे थे। हादसा इतना भीषण था कि पिकअप से उछलकर लोग सड़क पर गिर गए। सड़क पर पड़े घायल तड़पते रहे। आसपास के लोगों ने बचाव कार्य शुरू किया, साथ ही पुलिस को सूचना दी। हादसा शुक्रवार शाम करीब 4 बजे नेशनल हाईवे पर डोरमा के पास हुआ। पिकअप में 25 लोगों के सवार होने की बात सामने आई है। फतेहपुर से ये लोग मां शीतला मंदिर के बाद प्रयागराज संगम मुंडन कराने आए थे।



# लॉकडाउन की अफवाहों पर ताबड़तोड़ ऐक्शन

- मोर्चे पर लगी मोदी सरकार के केंद्रीय मंत्रियों की फौज

### 2024 चुनाव जैसी गलती नहीं हो ऐक्टिव हुई सरकार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पश्चिम एशिया में जारी सैन्य संघर्ष का असर दुनियाभर के देशों में दिख रहा है। कई राष्ट्र ऐसे हैं जहां ऊर्जा संकट से आम जनजीवन बुरी तरह से प्रभावित हो चुका है। हालांकि, भारत में अभी इतने गंभीर हालात नहीं है। कहीं-कहीं तेल और एलपीजी गैस संकट की खबरें सामने आई हैं। इसे लेकर सरकार और प्रशासन जरूरी कदम उठा रहे हैं। हालांकि, ईरान के साथ इजरायल-अमेरिका का युद्ध ज्यादा लंबा खिंचता है तो कुछ मुश्किलें सामने आ सकती हैं। ऐसे में सवाल उठने लगे कि देश में लॉकडाउन जैसे हालात हो सकते हैं।

#### पीएम मोदी की मुख्यमंत्रियों के साथ बैठक, पश्चिम एशिया संकट पर हुई चर्चा



पश्चिम एशिया संकट को लेकर पीएम नरेंद्र मोदी की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए मुख्यमंत्रियों के साथ मीटिंग की। इसमें राज्यों की तैयारियों और योजनाओं की समीक्षा की। मीटिंग में चुनाव वाले 5 राज्यों को शामिल नहीं किया गया है क्योंकि वहां आचार संहिता लागू है। यहां के मुख्य सचिवों के साथ कैबिनेट सचिवालय के जरिए अलग से बैठक की जाएगी।



#### केंद्रीय मंत्रियों ने खारिज की लॉकडाउन की अटकलें

यही नहीं भारत में लॉकडाउन की खबरें जैसे कीवर्ड्स से खबरें खोजी जाने लगीं। इन अटकलों का पता चलते ही सरकार भी एक्शन मोड पर आ गई। कई केंद्रीय मंत्रियों ने इस पर रिएक्ट किया। सबसे पहले केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी ने स्पष्ट किया कि सरकार कोई लॉकडाउन लगाने नहीं जा रही। केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने गुरुवार को कहा कि भारत में लॉकडाउन की अफवाहें पूरी तरह से झूठी हैं और सरकार इस तरह के किसी प्रस्ताव पर विचार नहीं कर रही है।

#### सीतारमण बोलीं- कोई लॉकडाउन नहीं होगा

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि मैं लोगों को भरोसा दिलाना चाहती हूं कि कोई लॉकडाउन नहीं होगा। मुझे हैरानी है कि कुछ नेता कह रहे हैं कि लॉकडाउन होगा और फ्यूल की कमी होगी। ये बेबुनियाद बातें हैं। राजनीतिक डोमेन में बैठे लोगों की तरफ से ऐसी बातें चिंता की बात हैं। कोविड के दौरान जैसा लॉकडाउन हमने देखा, वैसा कोई लॉकडाउन नहीं होगा। मैं लोगों को भरोसा दिलाती हूं।



- मिडिल ईस्ट संकट पर सरकार का बड़ा फैसला

# राजनाथ सिंह की अगुवाई में बना इंटर-मिनिस्ट्रियल ग्रुप

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सरकार ने मिडिल ईस्ट संकट के बीच पैदा होने वाले मामलों पर नजर रखने के लिए कमिटी का गठन किया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अगुवाई में ये इंटर-मिनिस्ट्रियल ग्रुप बनाया गया है। ये कमिटी मिडिल ईस्ट में जारी जंग जैसे हालात से देश पर पड़ने वाले असर पर नजर रखेगी। इस कमिटी की अध्यक्षता रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह करेंगे। गृह मंत्री अमित शाह, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी के साथ दूसरे मंत्री भी सदस्य हैं। सूत्रों ने बताया कि जिस तरह से ईरान के साथ इजरायल और अमेरिका का युद्ध चल रहा है, उससे मिडिल ईस्ट में हालात गंभीर है। इस जंग की वजह से कई देशों में ऊर्जा संकट गहराने लगा है, भारत में भी एनर्जी क्राइसिस गंभीर न हो जाए। भारत में इसे लेकर कोई पैनिक नहीं फैले, ऐसे मामलों पर खास निगरानी के लिए इंटर मिनिस्ट्रियल ग्रुप ऐक्टिव रहेगी। इस कमिटी में राजनाथ सिंह को अहम जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस ग्रुप में अमित शाह भी शामिल हैं। गृह मंत्री अमित शाह, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी के साथ दूसरे मंत्री भी इसके सदस्य हैं।



#### पेट्रोल-डीजल में एक्साइज ड्यूटी घटाई


सूत्रों के अनुसार, मध्य पूर्व संघर्ष से संबंधित चिंताओं को दूर करने के लिए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के नेतृत्व में एक अंतर-मंत्रालयी समूह का गठन किया गया है। सरकार ने पेट्रोल और डीजल पर एक्साइज ड्यूटी कम कर दिया है। डीजल निर्यात पर लगने वाले अप्रत्याशित लाभ कर और विमानन टरबाइन ईंधन पर लगने वाले करों में भी संशोधन किया गया है। इन उपायों का उद्देश्य वैश्विक ऊर्जा संकट के बीच ईंधन की कीमतों को स्थिर करना है।

### ईरान ने मिसाइलों पर थैंक्यू इंडिया लिखा

# ...इजराइल पर दागीं

### इन पर पाकिस्तान का भी नाम, जंग में समर्थन पर आभार जताया

**तेल अवीव/तेहरान (एजेंसी)।** ईरान ने इजराइल पर 83वीं बार मिसाइल हमला किया। इस बार मिसाइलों पर थैंक्यू इंडिया लिखकर भेजा गया। सोशल मीडिया पर सामने आए वीडियो में दिखा कि ईरानी सैनिक मिसाइलों पर थैंक्यू पीपल ऑफ इंडिया लिख रहे हैं। इसी तरह स्पेन, पाकिस्तान और जर्मनी के लिए भी संदेश लिखे गए। ईरान ने कहा कि यह कदम उन देशों के प्रति आभार जताने के लिए है जिन्होंने उसका समर्थन किया। ईरान की रिवोल्यूशनरी गार्ड के मुताबिक, यह 83वीं स्ट्राइक थी, जिसमें लंबी और मध्यम दूरी की मिसाइलें और ड्रोन इस्तेमाल किए गए। हमलों में इजराइल के ठिकानों के साथ खाड़ी क्षेत्र में अमेरिकी सैन्य ठिकानों को भी निशाना बनाया गया। बहरीन में पैट्रियट एयर डिफेंस सिस्टम से जुड़े एक ठिकाने पर हमला होने का दावा किया गया है।




#### होर्मुज से 3 जहाज लौटाए

#### बोला- रास्ता बंद

ईरान ने होर्मुज स्ट्रेट से तीन जहाजों को लौटा दिया है। ईरान ने कहा है कि यह समुद्री रास्ता फिलहाल बंद है और किसी भी जहाज की आवाजाही पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। ईरान की रिवोल्यूशनरी गार्ड नेवी ने अलग-अलग देशों के तीन जहाजों को प्रवेश से रोककर वापस भेज दिया। ईरानी मीडिया के मुताबिक, स्ट्रेट को बंद घोषित किया गया है।

## वृहद विधिक आउटरीच एवं जागरूकता शिविर आज

**अनोखा तीर, हरदा।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशन एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, हरदा अरविंद रघुवंशी के मार्गदर्शन में 28 मार्च को वृद्धाश्रम हरदा में एक दिवसीय वृहद विधिक आउटरीच एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में संबंधित शासकीय विभागों जैसे श्रम, महिला एवं बाल विकास, सामाजिक न्याय, स्वास्थ्य, शिक्षा, ग्रामीण विकास, पुलिस द्वारा उपस्थित आमजन को शासकीय योजनाओं की जानकारी दी जावेगी। शिविर का मुख्य उद्देश्य विशेष रूप से हाशिए पर स्थित आर्थिक व सामाजिक रूप से कमजोर वर्ग के लोगों को उनके विधिक अधिकारों, नि :शुल्क विधिक सेवाओं की उपलब्धता, विभिन्न शासकीय और नालसा योजनाओं से अवगत कराना है। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हरदा चन्द्रशेखर राठौर ने सभी आमजनों व वृद्धजनों से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित रहकर विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ लेने की अपील की है।

## सार-समाचार

### होटल और दुकानों से लिए दाल, मिठाई और तेल के सैंपल

**अनोखा तीर, हरदा।** मिलावटखोरी के विरुद्ध प्रदेशव्यापी अभियान के तहत कलेक्टर सिद्धार्थ जैन के मार्गदर्शन में खाद्य सुरक्षा विभाग ने शुक्रवार को हरदा जिले के विभिन्न प्रतिष्ठानों पर आकस्मिक निरीक्षण और सैंपलिंग की कार्रवाई की है। इस दौरान खाद्य सुरक्षा विभाग के दल ने होटल बागवान से बनी हुई तुअर दाल व ग्रेब्री, पुरोहित स्वीट्स से श्रीखंड व बेसन लड्डू,



जलाराम इंडस्ट्रियल एरिया से तेल का सैंपल, राजस्थान मिष्ठान भंडार से मावा पेड़ा तथा श्री राम ऑयल इंडस्ट्रीज से 2 सोयाबीन तेल के सैंपल लेकर खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल भेजा। खाद्य सुरक्षा अधिकारी राजेन्द्र कांबले ने बताया कि जांच रिपोर्ट के आधार पर आगामी कार्यवाही की जाएगी। श्री कांबले ने बताया कि इसके साथ ही चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला से इन दुकानों से मावा कतली, मावा पेड़ा, मलाई पेड़ा, केसर पेड़ा, मिल्क केक, सोया तेल, पनीर, लाल मिर्च पाउडर, हल्दी पाउडर, बटर, श्रीखंड, काजू कतली, लस्सी, रसमलाई एवं सोयाबीन तेल के सैंपल लिए गए। कार्यवाही के दौरान एसडीएम हरदा अशोक डेहरिया, नायब तहसीलदार हिमांशु परते, खाद्य सुरक्षा अधिकारी राजेंद्र कांबले, केमिस्ट हेमंत कीर के साथ सहायक ब्रजेश पटेल उपस्थित रहे।

### शत-प्रतिशत रहा सरस्वती शिशु मंदिर का परीक्षा परिणाम

**अनोखा तीर, हरदा।** शिक्षा के क्षेत्र में सरस्वती शिशु मंदिर हरदा ने अपनी परंपरा के अनुरूप एक बार फिर उत्कृष्ट परिणाम देते हुए कीर्तिमान स्थापित किया है। राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल द्वारा घोषित बोर्ड कक्षा 5वीं और 8वीं के परीक्षा परिणाम में विद्यालय का शत–प्रतिशत परिणाम रहा है। विद्यालय के परीक्षा प्रमुख मनोज गौर ने बताया कि कक्षा 5वीं में कुल 53 भैया–बहिन परीक्षा में सम्मिलित हुए और सभी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण रहे। वहीं कक्षा 8वीं में कुल 87 भैया–बहिन परीक्षा में सम्मिलित हुए, जिनमें से 85 प्रथम श्रेणी तथा दो विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। विद्यार्थियों की इस गरिमामयी सफलता पर संस्था के व्यवस्थापक संदीप केकरे एवं प्राचार्य राजेंद्र प्रसाद तिवारी ने भैया–बहिनों, कक्षा 8वीं के कक्षाचार्य मनोज गौर, वंदना यादव तथा कक्षा 5वीं की कक्षाचार्य कांति डोंगरे एवं सोनाली सोनी सहित आचार्य परिवार को बधाई देते हुए विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### स्कूल परिसर के रपटे की हालत खराब, सुधार नहीं होने से विद्यार्थियों को खतरा

**अनोखा तीर, मसनगांव।** ग्राम की माध्यमिक एवं प्राथमिक शाला भवन के पीछे बने गेट के पास स्थित रपटे की हालत खराब होने से विद्यार्थियों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। रपटे को काटने के बाद खाली हुई जगह पर पंचायत द्वारा भराव नहीं किए जाने से वहां गहरी खाई बन गई है, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। जानकारी के अनुसार, शाला में कुछ साल पहले पीछे की ओर विद्यार्थियों के आवागमन के लिए एक छोटा गेट बनाया गया था, जिससे गांव के विद्यार्थी सीधे स्कूल पहुंचते हैं। पुराने कक्षों



के पास बनी दीवार में लगे लोहे के गेट की दीवार में दरार आ गई है, जिसके कारण गेट का हिस्सा अलग होकर पूरा भाग हिलने लगा है। वहीं, नए बनाए गए नाले को पार करने के लिए बनाए गए रपटे को पुराने रपटे से नहीं जोड़ा गया, जिससे बीच में गहरी खाई बन गई है। क्षतिग्रस्त रपटे को लेकर शिक्षकों द्वारा पंचायत से मुरम भरकर सुधार करने की मांग की जा रही है, लेकिन अभी तक कोई सुनवाई नहीं हुई है। इसी कारण स्कूल के पीछे वाले गेट पर ताला लगा हुआ है। शाला परिसर में प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला के विद्यार्थियों के साथ आंगनवाड़ी के बच्चे और गर्भवती महिलाएं भी आवागमन करती हैं। यदि जल्द सुधार नहीं किया गया तो कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है। इस संबंध में प्राथमिक शाला की शिक्षिका रमा ओनकर ने बताया कि पंचायत द्वारा रपटे को काटकर नाले का निर्माण किया गया था, जिसे अब तक दुरुस्त नहीं किया गया है। उन्होंने बताया कि 1 अप्रैल से स्कूल खुलने पर विद्यार्थियों को स्टेट हाईवे से होकर आना पड़ेगा, जिससे उन्हें परेशानी हो सकती है। वहीं, पंचायत की सरपंच रानी चौहान ने बताया कि गेट के नीचे खाली जगह में मुरम भरकर समतल किया जाएगा, जिससे शाला के विद्यार्थी और आंगनवाड़ी के बच्चे सुरक्षित रूप से आवागमन कर सकेंगे।


### राम नवमी पर घरों के सामने जलाए दीपक, मंदिरों में हुई विशेष पूजा

**अनोखा तीर, मसनगांव।** चैत्र मास की नवरात्रि का समापन सिद्धिदात्री की पूजा के साथ संपन्न हुआ। ग्रामीण क्षेत्रों में कई घरों में दुर्गा पूजा का आयोजन किया गया था। नौ दिन तक ज्वारे बोकर माता की ज्योत जलाई गई थी। हवन–पूजन और कन्या भोजन के साथ जहां नवरात्रि का समापन हुआ, वहीं राम नवमी के उपलक्ष्य में मंदिरों में विशेष पूजा–अर्चना कर भगवान श्री राम का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। ग्रामीणों ने इस दिन अपने घरों के सामने घी के दीपक जलाकर राम जन्मोत्सव की खुशियां मनाईं। चैत्र माह की नवमी को भगवान श्री राम का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाता है। ग्रामीण क्षेत्रों में त्रेता युग में जन्मे श्री राम के जन्मोत्सव को लेकर विशेष उत्साह देखा गया।

## नवरात्र साधना का समापन | यज्ञ में छोड़ी आहुतियां

### गायत्री शक्ति पीठ में स्वास्थ्य शिविर व भंडारे का हुआ आयोजन





**अनोखा तीर, हरदा।**

अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के सानिध्य में नवरात्रि पर्व के अखंड जाप साधना सत्र के समापन अवसर पर गायत्री शक्तिपीठ हरदा में भक्ति, सेवा और संस्कारों से ओत-प्रोत भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर पंचकुंडीय यज्ञ विधि-विधान से संपन्न हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम के अंतर्गत नौ दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जिसका संचालन गायत्री विमेंस क्लीनिक की संचालक डॉ. अपूर्वा काशिव द्वारा किया गया। इसके साथ ही दो दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में डॉ. आदर्श शुक्ला, डॉ. अमन गिरी एवं डॉ. शिवम सातनकर ने अपनी सेवाएं प्रदान कर समाजहित में योगदान दिया। शिविर में आमजन को निःशुल्क स्वास्थ्य परामर्श दिया गया, जिससे लोगों को लाभ मिला। पंचकुंडीय यज्ञ के साथ-साथ शक्तिपीठ परिसर में अन्य धार्मिक एवं संस्कार भी निःशुल्क संपन्न कराए गए। श्रद्धालुओं में उत्साह और आस्था का विशेष संगम देखने को मिला। इस अवसर पर भंडारे का भी आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं एवं नगरवासियों ने प्रसाद ग्रहण किया।

भंडारे में सेवा भाव से जुड़े कार्यकर्ताओं ने समर्पण के साथ व्यवस्थाएं संभालीं, जिससे कार्यक्रम की गरिमा और बढ़ गई। समापन समारोह में जिला चिकित्सालय हरदा के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एच. पी. सिंह की उपस्थिति रही। गायत्री शक्तिपीठ के मुख्य ट्रस्टी ऋषि पारे एवं प्रबंधक सियाराम गौर व परिजनों द्वारा सभी चिकित्सकों का तिलक लगाकर, गायत्री मंत्र का दुपट्टा व साहित्य भेंट कर सम्मान किया गया। अंत में सभी के सुख-समृद्धि एवं लोकमंगल की कामनाओं के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस अवसर पर उपस्थित जनसमुदाय ने स्वस्थ रहने, परिवार को स्वस्थ रखने तथा नवपीढ़ी को संस्कारवान बनाने का संकल्प लिया। साथ ही वातावरण परिष्करण एवं परिमार्जन के लिए समर्पित रहकर कार्य करने और गायत्री मंत्र के प्रचार-प्रसार का संकल्प भी लिया गया।

## जिला जेल में आरपीडब्यूडी एक्ट पर दिया प्रशिक्षण




**अनोखा तीर, हरदा।**

सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा गत दिवस जिला जेल हरदा में एक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जेल स्टाफ और उपस्थित जनों को आरपीडब्ल्यूडी एक्ट 2016 के प्रावधानों से अवगत कराना और दिव्यांगों के प्रति संवेदनशीलता बढ़ाना था। प्रशिक्षण के दौरान विभागीय विशेषज्ञों ने बताया कि यदि जेल में कोई मानसिक या शारीरिक रूप से दिव्यांग बंदी आता है, तो उसके साथ कैसा व्यवहार किया जाना चाहिए। प्रशिक्षकों ने इस बात पर जोर दिया कि दिव्यांगों को कभी यह अहसास नहीं होने देना चाहिए कि वे अक्षम हैं। मानवता के नाते उनकी हर संभव मदद करना हमारा सर्वोपरि कर्तव्य है। प्रशिक्षण में बताया गया कि बाहर कहीं भी अगर आपको दिव्यांग निशक्त व्यक्ति दिखे तो थोड़ी सी मदद जरूर करें। आपका अच्छा कार्य किसी के मुस्कान का कारण बन सकता है। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आरपीडब्ल्यूडी एक्ट 2016 को बताना था। प्रशिक्षण में आरपीडब्ल्यूडी एक्ट के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## भाजपा का दो दिवसीय दीनदयाल प्रशिक्षण

**अनोखा तीर, हरदा।** भाजपा हरदा नगर मंडल का दो दिवसीय दीनदयाल प्रशिक्षण महाअभियान 28 एवं 29 मार्च को आयोजित किया जाएगा। नगर मंडल अध्यक्ष नितेश बादर ने बताया कि यह प्रशिक्षण अभ्यास वर्ग मां रेवा गार्डन में सम्पन्न होगा। उन्होंने जानकारी दी कि कार्यक्रम में 7 प्रकार के सत्रों के माध्यम से विभिन्न वक्ताओं द्वारा भाजपा की रीति-नीति एवं इतिहास पर मार्गदर्शन दिया जाएगा। इस प्रशिक्षण में पूर्व केबिनेट मंत्री कमल पटेल, जिला अध्यक्ष राजेश वर्मा सहित अन्य अपेक्षित श्रेणी के कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे।

## ग्रामीणजन विद्युत से सुरक्षा के लिए बरतें सावधानियां

**अनोखा तीर, हरदा।**

विद्युत वितरण कंपनियों ने ग्रामीणजनों को आगाह किया है कि वे अपने खेत-खलिहानों में विद्युत से सुरक्षा के लिए सावधानियां जरूर बरतें। अक्सर देखा गया है कि ग्रामीण क्षेत्रों में असावधानीवश विद्युत से कई बार अप्रिय घटनाएं घट जाती हैं। यह दुर्घटनाएं कई बार जान-माल का नुकसान भी कर देती हैं।

इनसे बचने के लिए ग्रामीणजनों से सावधानी बरतने की अपील करते हुए कंपनी ने कहा है कि कभी भी विद्युत लाइनों, उपकरणों एवं खंभों से छेड़खानी न करें क्योंकि ऐसा करना विद्युत अधिनियम 2003 के अंतर्गत दण्डनीय अपराध है। कंपनी ने कहा कि जरा भी असावधानी या छेड़खानी से बड़े-बड़े खतरे पैदा हो सकते हैं। इसलिए ऐसी लाइनें जिनमें विद्युत शक्ति प्रवाहित होती है उन्हें आँधी तूफान या अन्य किसी कारण से टूटने वाले तारों को अकस्मात छूने का प्रयास न करें। इस दौरान जरूरी होगा कि लाइन टूटने की सूचना तत्काल निकटस्थ बिजली कंपनी के अधिकारी को अथवा विद्युत कर्मचारी को दें। किसानों को सलाह है कि वे खेतों खलिहानों में ऊंची-ऊंची घास की गंजी, कटी फसल की ढेरियां, झोपड़ी, मकान अथवा तंबू आदि विद्युत लाइनों के नीचे अथवा अत्यंत समीप न बनायें।

साथ ही विद्युत लाइनों के नीचे से अनाज, भूसे आदि की ऊंची भरी हुई गाड़ियां न निकालें। इससे आग लगने का खतरा है। बहुत से स्थानों पर बच्चे पतंग अथवा लंगर का खेल खेलते समय धागे और डोर विद्युत लाइनों में फंसा देते हैं। ऐसा करने से उन्हें रोकें। लाइनों में फंसी पतंग निकालने के लिए बच्चों को कभी भी खंभे पर न चढ़ने दें।

## राम जन्मोत्सव पर निकली शोभायात्रा

### राम नाम से गूंजी गलियां

**अनोखा तीर, सोडलपुर।** ग्राम सहित आसपास के क्षेत्र में रामनवमी का पर्व श्रद्धा, उत्साह और भक्ति भाव के साथ मनाया गया। इस अवसर पर प्रातःकाल भव्य प्रभात फेरी निकाली गई, जिसमें जय श्रीराम के जयघोष से पूरे गांव की गलियां गूंज उठीं। प्रभात फेरी सुबह 5 बजे बाबा रामदेव मंदिर से प्रारंभ हुई, जो कान्हा बाबा समाधि, बाजार चौक, राम मंदिर, माहेश्वरी समाज मंदिर, माली समाज मंदिर, रहटगांव रोड होते हुए खेड़ापति हनुमान मंदिर, श्याम कुटी एवं दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर पहुंची। इसके बाद फेरी पुनः कान्हा बाबा समाधि स्थल पहुंचकर सम्पन्न हुई। फेरी के दौरान श्रद्धालु हाथों में भगवान श्रीराम के ध्वज लिए भक्ति में लीन नजर आए। पूरे मार्ग में भजन गायकों द्वारा मधुर भजन और कीर्तन प्रस्तुत किए गए, जिससे वातावरण भक्तिमय बना रहा। प्रभात फेरी में महिला, पुरुष और युवा बड़ी संख्या में शामिल हुए। वहीं दोपहर 12 बजे ग्राम के विभिन्न मंदिरों में भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव विधि-विधान से मनाया गया। राम मंदिर, माहेश्वरी समाज मंदिर एवं माली समाज मंदिर में आरती-पूजन कर प्रसादी वितरित की गई। इसके अतिरिक्त दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर से प्रातः 9 बजे ग्राम के मुख्य मार्गों पर शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें बच्चों ने भगवान राम, लक्ष्मण और जानकी की आकर्षक झांकियां प्रस्तुत कीं। शोभायात्रा के मंदिर पहुंचने पर आरती-पूजन कर महाप्रसाद का वितरण किया गया। पूरे आयोजन के दौरान ग्राम में भक्ति और उल्लास का वातावरण बना रहा तथा श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव को हर्षोल्लास के साथ मनाया।





### सांई बाबा का प्रकटोत्सव मनाया

## प्रतिभाओं का हुआ सम्मान, सामाजिक सेवा का दिया संदेश



**अनोखा तीर, सिराली।** क्षेत्र के प्रसिद्ध सांई धाम सिराली में श्रीराम जन्मोत्सव एवं सांई बाबा का प्रकट उत्सव श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर प्रातः 4 बजे सांई बाबा का दुग्ध अभिषेक कर विधिवत श्रृंगार किया गया। सांई सच्चरित्र का पाठ किया गया तथा दोपहर की आरती के पश्चात 56 भोग अर्पित किया गया। कार्यक्रम के दौरान नवनिर्मित मांगलिक भवन का शुभारंभ भी किया गया। साथ ही कन्या भोजन एवं प्रसादी वितरण का आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में कन्याओं एवं नागरिकों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर आयोजित सम्मान समारोह में क्षेत्र की विभिन्न विधाओं में उत्कृष्ट कार्य करने वाली प्रतिभाओं का साफा बांधकर, पुष्पहार एवं श्रीफल देकर सम्मान किया गया। अध्यक्ष दिनेश करोडे ने बताया कि नवनिर्मित मांगलिक भवन न्यूनतम दर पर सामाजिक, धार्मिक एवं मांगलिक कार्यों के लिए उपलब्ध कराया जाएगा, जिससे क्षेत्र के नागरिकों को लाभ मिलेगा। इस मौके पर साई परिवार के सदस्य एवं सामाजिक कार्यकर्ता कुंज बिहारी सोमानी ने कहा कि साई मंदिर में आयोजित धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों से 'सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय' की परिकल्पना साकार हो रही है। उन्होंने बताया कि मंदिर द्वारा रक्तदान शिविर, नेत्र शिविर, गौशाला संचालन, सांई वाटिका, नर्सरी एवं पौधारोपण जैसे कार्यों के माध्यम से क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया जा रहा है। उन्होंने सभी से इन पुनीत कार्यों में सहयोग करने का आह्वान किया।

## मंडी भाव

मंडी भाव हरदा

| जिंस | न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|
| गेहूं | 2010 | 2446 |
| चना | 3200 | 5294 |
| सोयाबीन | 3000 | 5390 |
| मूंग | 4001 | 8700 |
| सरसो | 4940 | 5796 |
| मक्का | 1225 | 1591 |
| तुअर | 5001 | 7100 |
| उड़द | 4900 | 4900 |
| बटाना | 2701 | 3601 |
| काटू चना | 4001 | 5364 |
| डॉलर चना | 4100 | 6899 |

सिराली

| जिंस | न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|
| गेहूं | 2052 | 2460 |
| चना | 4800 | 5199 |
| सोयाबीन | 3500 | 5180 |
| मक्का | 1200 | 1530 |

खिरकिया

| जिंस | न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|
| गेहूं | 1994 | 2356 |
| चना | 3000 | 5201 |
| सोयाबीन | 3900 | 5823 |
| मूंग | 5300 | 7350 |
| सरसो | 4401 | 5451 |
| तुअर | 3200 | 7500 |

# संपादकीय

## गुरुग्राम केस में सुप्रीम कोर्ट की कठोर टिप्पणी

किसी भी आपराधिक वारदात में पीड़ित को न्यायपालिका पर भरोसा होता है कि उसे न्याय जरूर मिलेगा। मगर इंसाफ तभी मिल पाता है, जब मामले की गंभीरता के मद्देनजर जांच-पड़ताल की जाए और अदालत में पुख्ता साक्ष्य प्रस्तुत किए जाएं। यह काम जांच एजंसियों का होता है, लेकिन कई बार ऐसा देखा गया है कि पुलिस या अन्य जांच एजंसियों के अधिकारी संगीन मामलों को भी गंभीरता से नहीं लेते हैं और हल्की धाराओं के तहत मामला दर्ज करते हैं। इसके पीछे या तो जांच अधिकारियों की लापरवाही होती है या फिर किसी बाहरी दबाव की वजह से मामले को कमजोर करने की मंशा छिपी होती है।

हरियाणा के गुरुग्राम में पिछले माह एक मासूम बच्ची के यौन उत्पीड़न के मामले में भी पुलिस का ऐसा ही रवैया सामने आया है। इस पर सर्वोच्च न्यायालय ने बुधवार को कड़ा संज्ञान लेते हुए पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए और मामले की निष्पक्ष जांच के लिए एक विशेष जांच दल गठित करने का निर्देश दिया। शीर्ष अदालत ने स्पष्ट कहा कि इस मामले में पुलिस का रवैया शर्मनाक और असंवेदनशील रहा है, जो न्यायिक प्रक्रिया के लिए चिंताजनक है।

यह बात छिपी नहीं है कि सामान्य आपराधिक घटना में भी प्राथमिकी दर्ज कराने के लिए पीड़ित पक्ष को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। हालांकि कानून में अब शून्य पुलिस प्राथमिकी दर्ज कराने का प्रावधान है, इसके बावजूद अक्सर ऐसी खबरें आती रहती हैं कि घटनास्थल का किसी दूसरे थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने का हवाला देकर पुलिसकर्मी प्राथमिकी दर्ज करन से इनकार कर देते हैं। कई बार तो पुलिस के



साथ जांच प्रक्रिया से जुड़े अन्य संस्थाओं के पदाधिकारियों का गठजोड़ भी सामने आता है। गुरुग्राम मामले में भी इस तरह की बातें सामने आई हैं।


पुलिस ने पाक्सो (यौन अपराध से बच्चों का संरक्षण) अधिनियम के तहत दर्ज प्राथमिकी में गंभीर धारा लगाने की बजाय हल्की धारा लगाकर अपराध को कमतर दिखाने की कोशिश की। सर्वोच्च न्यायालय ने बच्ची के बयान पर अपना पक्ष पूरी तरह से बदलने के लिए एक निजी अस्पताल की चिकित्सक को भी फटकार लगाई और कहा कि उनका यह व्यवहार शर्मनाक है।

इसमें दोराय नहीं कि किसी भी अपराध में पीड़ित को इंसाफ दिलाने की जिम्मेदारी पुलिस और दूसरी संबंधित जांच एजंसी की होती है। मगर राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो की एक रपट पर गौर करें, तो वर्ष 2018 से 2022 के दौरान बलात्कार के मामलों में दोषसिद्धि की दर 27-28 फीसद के बीच दर्ज की गई थी। वर्ष 2023 में यह दर घटकर 23 फीसद से भी कम रह गई। यानी बलात्कार के मामलों में कड़े कानूनी प्रावधानों का असर आरोपियों को सजा दिलाने में नजर नहीं आ रहा है। इसके पीछे मामलों की जांच में देरी, सबूतों का अभाव या गवाहों के मुकर जाने जैसे कई कारण हो सकते हैं, मगर इसके लिए सीधे तौर पर जवाबदेही पुलिस की ही बनती है।

शीर्ष अदालत ने गुरुग्राम मामले में स्थानीय बाल कल्याण समिति के सदस्यों की भूमिका पर भी सवाल उठाए और कारण बताओ नोटिस जारी कर पूछा कि क्यों न उन्हें पद से हटा दिया जाए। अदालत ने पुलिस के साथ-साथ समिति के आचरण को भी कठघरे में खड़ा किया। बहरहाल, उम्मीद की जानी चाहिए कि न्यायालय के हस्तक्षेप के बाद इस मामले की निष्पक्ष जांच होगी और पीड़ित बच्ची एवं उसके परिवार को जल्द इंसाफ मिलेगा।



### रघुराई



श्रद्धा प्रेम भक्ति भाव से गाऊँ मैं सुबह-शाम,
सीताराम, सीताराम, सीताराम, सीताराम ।

पुकार सुनी रघुवर ने ऋषि-मुनियों संतों की,
पीर मिटाई रघुराई ने अपने प्रिय भक्तों की,
दुष्टों का संघार कर वसुधा पर उपकार किया,
शरणागत का उद्धार कर भव से पार किया,
चरणों में प्रभु जी तुम्हारे नव निधि सुख धाम ।

मर्यादा पुरुषोत्तम ने रक्षा की मर्यादाओं की,
बदली सोच समाज की भेदभाव प्रथाओं की,
सुग्रीव हनुमान विभीषण से जैसा प्यार किया,
केवट शबरी अहिल्या को वैसा ही स्वीकार किया,
मन बसे रघुनंदन जन-जन गाएं ये आठों याम ।

रामराज की स्थापना जीत ये दृढ़ संकल्पों की,
दूरदर्शी दृष्टिकोण और संभावित विकल्पों की,
प्रजा से आनंद प्रेम श्रीराम ने अपार किया,
राक्षसों का नाश कर अधर्म को तार-तार किया,
बजरंगबली जपते हरदम यहीं एक प्यारा नाम ।

श्रद्धा प्रेम भक्ति भाव से गाऊँ मैं सुबह-शाम,
सीताराम, सीताराम, सीताराम, सीताराम।

**- मोनिका डागा आनंद**

### राम तुम्हारा नाम, सकल है, सब है

राम तुम्हारा नाम, सकल है, सब है
परम ईश, परमात्मा, यही तो रब है
पुरुषोत्तम रणधीर अमंगलनाशक
धीर-वीर गंभीर स्वरूप-प्रकाशक

यही गुरु, सद्गुरु सुमार्ग-प्रदाता
इसी में ही जीने का सुंदर ढब है
तन्मय होकर जपे, विनाशे दुख सब
प्रकटे अंतर्भूत सुहाने सुख सब

नाशे कलुषित कर्म, कठिन क्लेशातुर
इसकी शक्ति अकूत, अपार गज़ब है
दो अक्षर का नाम, सर्वसुखदाता
माता, पिता, सखा, भगिनी, यह भ्राता

यह अटूट विश्वास, विशद आशा यह
यह आनंद-मुहूर्त, विशेष पर्व है
जोड़े हाथ सुभाष प्रार्थना करता
हो न नाम में चूक, इसी से डरता

बने नहीं अपराध नाम का कोई
नाम-रूप प्रभु-प्रेम-प्रसाद सुलभ है
राम तुम्हारा नाम, सकल है, सब है
परम ईश, परमात्मा, यही तो रब है

प्रकटो राम हृदय में मेरे
ताकि दूर हों सघन अँधेरे

यद्यपि सुना यहीं बैठे हो
उर-गह्वर ही में पैठे हो
किंतु प्रतीति नहीं क्यों होती
जलती नहीं रूप की ज्योति

माया-पट में, अंध तमस में
सम लगते हैं साँझ-सबेरे

रघुकुलनंदन राम साँवरे
नीलजलद घनश्याम साँवरे
कब बरसोगे मानस-भू पर
अथवा लौटोगे बस छूकर

रहते अभी तमिस्रा के घन
काल क्रूर, आक्रांत लुटेरे
हे रणधीर, धैर्य दो मन को
अपनाओ अति विकल स्वजन को

पूर्णकाम जग को महका दो
दीन सुभाष हृदय से टेरे

प्रकटो राम हृदय में मेरे
ताकि दूर हों सघन अँधेरे

रामनवमी की हार्दिक शुभकामनाएं
**--सुभाष सिटोके, हरदा**

# तेज होती हथियारों की होड़ और अस्थिर होती विश्व व्यवस्था

युद्ध का अंधेरा मानवता को केवल विनाश, महंगाई, भय और अस्थिरता देता है, जबकि दुनिया को आज शांति, संवाद और स्थिरता का उजाला चाहिए, और इस दिशा में भारत की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो सकती है। आज वैश्विक परिदृश्य में भारत केवल एक उभरती अर्थव्यवस्था नहीं बल्कि एक नैतिक शक्ति के रूप में देखा जा रहा है, और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का व्यक्तित्व एक ऐसे विश्व नेता के रूप में उभरा है जो युद्ध नहीं, संवाद-संघर्ष नहीं, सहयोग और हिंसा नहीं, सहअस्तित्व की बात करता है। भारत बुद्ध, महावीर और गांधी की अहिंसा की परंपरा का देश है, इसलिए भारत यदि सक्रिय कूटनीतिक पहल करे, युद्धरत देशों के बीच संवाद का सेतु बने, संयुक्तराष्ट्र के मंच पर युद्ध विराम की ठोस पहल करे, तो वह विश्व राजनीति को नई दिशा दे सकता है। मोदी यदि शांति, अहिंसा, वैश्विक संवाद और आर्थिक सहयोग के चार सूत्रों पर विश्व को साथ लाने की पहल करें तो भारत वास्तव में विश्व शांति का मार्गदर्शक बन सकता है और युद्ध की दिशा में बढ़ती दुनिया को शांति और स्थिरता की दिशा में मोड़ने में ऐतिहासिक भूमिका निभा सकता है।

**ललित गर्ग**

तेज होती हथियारों की होड़ और अस्थिर होती विश्व व्यवस्था आज मानव सभ्यता के सामने सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक बनकर खड़ी है। दुनिया एक ऐसे मोड़ पर पहुंच गई है जहां युद्ध केवल सीमाओं पर लड़े जाने वाले संघर्ष नहीं रह गए हैं, बल्कि उनका प्रभाव पूरी वैश्विक अर्थव्यवस्था, ऊर्जा व्यवस्था, पर्यावरण, सृष्टि-संतुलन, खाद्य सुरक्षा और सामाजिक स्थिरता तक पहुंच रहा है। पश्चिम एशिया में बढ़ता तनाव, ईरान और इजरायल के बीच हमलों का नया दौर, अमेरिका की रणनीतिक भूमिका, रूस-यूक्रेन युद्ध और चीन-ताइवान तनाव जैसे अनेक घटनाक्रम मिलकर यह संकेत दे रहे हैं कि दुनिया एक बार फिर हथियारों की दौड़ और शक्ति संतुलन की राजनीति की ओर लौट रही है। यह स्थिति केवल राजनीतिक या सामरिक नहीं, बल्कि मानवीय संकट का संकेत भी है, क्योंकि जब दुनिया हथियारों पर ज्यादा खर्च करती है तो विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य और पर्यावरण जैसे क्षेत्र पीछे छूट जाते हैं।

आज हर देश अपनी सुरक्षा के नाम पर हथियार खरीद रहा है, सेना को मजबूत कर रहा है और सैन्य बजट बढ़ा रहा है। यह एक ऐसी दौड़ बन गई है जिसमें कोई भी देश पीछे नहीं रहना चाहता। लेकिन विडंबना यह है कि जितने अधिक हथियार बढ़ रहे हैं, दुनिया उतनी ही असुरक्षित होती जा रही है। सुरक्षा की यह मानसिकता वास्तव में असुरक्षा का ही परिणाम है। एक देश हथियार बढ़ाता है तो दूसरा देश भी हथियार बढ़ाता है और इस तरह एक अविश्वास का वातावरण बन जाता है। यह अविश्वास ही युद्ध की जमीन तैयार करता है। विशेषज्ञों का अनुमान है कि आने वाले वर्षों में दुनिया का सैन्य खर्च कई गुना बढ़ जाएगा और यह पैसा मानव विकास के बजाय विनाश की तैयारी में खर्च होगा। यह स्थिति मानव सभ्यता के लिए शुभ संकेत नहीं है। पश्चिम एशिया का संकट इस समय दुनिया के लिए सबसे बड़ा खतरा बनता दिखाई दे रहा है। ईरान और इजरायल के बीच बढ़ते हमले, समुद्री मार्गों की सुरक्षा को लेकर तनाव और बड़े देशों की प्रत्यक्ष या परोक्ष भागीदारी ने इस क्षेत्र को युद्ध के कगार पर खड़ा कर दिया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा समुद्री मार्ग खोलने की चेतावनी को खारिज करते हुए ईरान ने इजरायल पर हमलों का नया दौर शुरू किया है, जिससे यह संकट और अधिक गंभीर हो गया है। यदि यह संघर्ष लंबा चलता है तो इसका प्रभाव केवल इस क्षेत्र तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि पूरी दुनिया पर पड़ेगा, क्योंकि यह क्षेत्र दुनिया की ऊर्जा आपूर्ति का केंद्र है।

दुनिया की अर्थव्यवस्था का बड़ा हिस्सा तेल और गैस पर निर्भर है और पश्चिम एशिया तेल उत्पादन का सबसे बड़ा क्षेत्र है। यदि वहां युद्ध बढ़ता है या समुद्री मार्ग बाधित होते हैं तो तेल की कीमतें तेजी से बढ़ेंगी। तेल महंगा होगा तो पेट्रोल-डीजल महंगा होगा, परिवहन महंगा होगा, उत्पादन लागत बढ़ेगी और अंततः हर वस्तु महंगी हो जाएगी। यानी एक वैश्विक महंगाई का दौर शुरू हो सकता है। महंगाई बढ़ने से गरीब और मध्यम वर्ग सबसे ज्यादा प्रभावित होगा। इसके साथ ही वैश्विक अर्थव्यवस्था मंदी की ओर भी जा सकती है। पहले से ही कई देश आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं और यदि ऊर्जा संकट बढ़ता है तो स्थिति और गंभीर हो जाएगी। भारत जैसे देश भी इस स्थिति से अछूते नहीं रह सकते, क्योंकि भारत अपनी



ऊर्जा जरूरतों का बड़ा हिस्सा आयात करता है। इसी खतरे को देखते हुए भारत सरकार ने ऊर्जा आपूर्ति, पेट्रोल-डीजल, गैस और उर्वरकों की उपलब्धता बनाए रखने को लेकर तैयारी शुरू कर दी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंत्रियों के साथ आपात बैठक कर ऊर्जा आपूर्ति को सुचारू बनाए रखने और संभावित संकट से निपटने की रणनीति पर चर्चा की। केवल केंद्र सरकार की तैयारी पर्याप्त नहीं होगी, राज्य सरकारों को भी इस स्थिति को समझते हुए ऊर्जा संरक्षण, आपूर्ति प्रबंधन और आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने की दिशा में कदम उठाने होंगे।

इस पूरे परिदृश्य में सबसे बड़ी चिंता यह है कि दुनिया युद्ध को रोकने के बजाय उसकी तैयारी ज्यादा कर रही है। युद्ध शुरू करना आसान होता है, लेकिन उसे रोकना बहुत कठिन होता है। इतिहास गवाह है कि कई युद्ध ऐसे हुए जो कुछ दिनों के लिए शुरू हुए लेकिन वर्षों तक चलते रहे और उन्होंने पूरी दुनिया को प्रभावित किया। आज भी यदि पश्चिम एशिया का युद्ध फैलता है तो यह केवल दो या तीन देशों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि बड़े देशों की भागीदारी से यह वैश्विक संघर्ष का रूप ले सकता है। इसलिए यह जरूरी हो गया है कि विश्व के बड़े देश आगे बढ़कर युद्ध विराम की पहल करें और वार्ता का रास्ता निकालें। अमेरिका की भूमिका इस पूरे संकट में बहुत महत्वपूर्ण है। यदि अमेरिका चाहे तो वह इजरायल पर दबाव डाल सकता है, ईरान के साथ वार्ता शुरू करा सकता है और संयुक्त राष्ट्र के माध्यम से युद्ध विराम की दिशा में कदम उठा सकता है। कूटनीति का रास्ता हमेशा युद्ध से बेहतर होता है, क्योंकि युद्ध में अंततः नुकसान सभी का होता है। युद्ध में सैनिक मरते हैं, नागरिक मरते हैं, शहर बर्बाद होते हैं, अर्थव्यवस्था टूटती है और आने वाली पीढ़ियां तक उसके दुष्परिणाम झेलती हैं। इसलिए आज दुनिया को हथियारों की दौड़ नहीं, शांति की दौड़ की जरूरत है।

हथियारों की होड़ का सबसे बड़ा नुकसान यह है कि इससे विकास रुक जाता है। दुनिया के कई देश ऐसे हैं जहां आज भी लोग गरीबी, भूख, बीमारी और अशिक्षा से जूझ रहे हैं, लेकिन सरकारें शिक्षा और स्वास्थ्य पर खर्च बढ़ाने के बजाय हथियारों पर खर्च बढ़ा रही हैं। यह मानवता के साथ एक तरह का अन्याय है। यदि दुनिया का सैन्य बजट का एक छोटा हिस्सा भी शिक्षा और स्वास्थ्य पर खर्च कर दिया जाए तो दुनिया से गरीबी और भूख को काफी हद तक खत्म किया जा सकता है। लेकिन दुर्भाग्य से दुनिया की राजनीति अभी भी शक्ति संतुलन और सैन्य प्रभुत्व के इर्द-गिर्द घूम रही है। आज आवश्यकता इस बात की है कि विश्व नेतृत्व यह समझे कि असली शक्ति हथियारों में नहीं, बल्कि अर्थव्यवस्था, विज्ञान, शिक्षा और मानव विकास में होती है। जो देश अपने नागरिकों को बेहतर जीवन देता है, वही वास्तव में शक्तिशाली देश होता है। युद्ध और हथियार केवल विनाश लाते हैं, विकास नहीं। इसलिए दुनिया को यह तय करना होगा कि उसे हथियारों की दुनिया बनानी है या मानवता की दुनिया।

यदि वर्तमान परिस्थितियों में युद्ध नहीं रुके और हथियारों की होड़ इसी तरह बढ़ती रही तो आने वाले वर्षों में दुनिया को महंगाई, बेरोजगारी, आर्थिक मंदी, ऊर्जा संकट और सामाजिक अस्थिरता जैसे अनेक संकटों का सामना करना पड़ सकता है। यह स्थिति पूरी मानवता के लिए खतरनाक होगी। इसलिए अब समय आ गया है कि विश्व के सभी देश अपने संकीर्ण राष्ट्रीय हितों से ऊपर उठकर वैश्विक हितों के बारे में सोचें और युद्ध के बजाय शांति, सहयोग और सहअस्तित्व का मार्ग अपनाएं। मानव सभ्यता का भविष्य हथियारों से नहीं, बल्कि शांति, संवाद और सहयोग से सुरक्षित हो सकता है। यही समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है और यही मानवता की सबसे बड़ी जिम्मेदारी भी।

युद्ध का अंधेरा मानवता को केवल विनाश, महंगाई, भय और अस्थिरता देता है, जबकि दुनिया को आज शांति, संवाद और स्थिरता का उजाला चाहिए, और इस दिशा में भारत की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो सकती है। आज वैश्विक परिदृश्य में भारत केवल एक उभरती अर्थव्यवस्था नहीं बल्कि एक नैतिक शक्ति के रूप में देखा जा रहा है, और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का व्यक्तित्व एक ऐसे विश्व नेता के रूप में उभरा है जो युद्ध नहीं, संवाद-संघर्ष नहीं, सहयोग और हिंसा नहीं, सहअस्तित्व की बात करता है। भारत बुद्ध, महावीर और गांधी की अहिंसा की परंपरा का देश है, इसलिए भारत यदि सक्रिय कूटनीतिक पहल करे, युद्धरत देशों के बीच संवाद का सेतु बने, संयुक्तराष्ट्र के मंच पर युद्ध विराम की ठोस पहल करे, तो वह विश्व राजनीति को नई दिशा दे सकता है। मोदी यदि शांति, अहिंसा, वैश्विक संवाद और आर्थिक सहयोग के चार सूत्रों पर विश्व को साथ लाने की पहल करें तो भारत वास्तव में विश्व शांति का मार्गदर्शक बन सकता है और युद्ध की दिशा में बढ़ती दुनिया को शांति और स्थिरता की दिशा में मोड़ने में ऐतिहासिक भूमिका निभा सकता है।

# जिंदगी की असली किताब, हर पन्ना एक याद...

कुछ स्मृतियां ऐसी होती हैं, जो समय के साथ और अधिक मूल्यवान होती जाती हैं। मां का निस्वार्थ त्याग, पिता की बिना कहे दी गई सुरक्षा, शिक्षक का एक विश्वासभरा वाक्य, या कठिन समय में किसी अनजान व्यक्ति की मदद। धीरे-धीरे समझ आता है कि जीवन की सच्ची संपत्ति पद, पैसा या उपलब्धियां नहीं, बल्कि यही स्मृतियां हैं, जो मन में कभी फीकी नहीं पड़तीं। जीवन वास्तव में एक विशाल चित्र है और उसे रंग देती हैं हमारी स्मृतियां। हर रंग आवश्यक है- उजाला भी, छाया भी। केवल सुख की यादें नहीं, दुख की स्मृतियां भी हमें पूर्ण बनाती हैं। हम स्मृतियों को चुन नहीं सकते।

**महिमा सामंत**

जीवन को ध्यान से देखा जाए, तो वह घटनाओं से नहीं, स्मृतियों से बनता है। जो घट चुका है, वह केवल अतीत नहीं बनता। वह हमारे भीतर कहीं ठहर जाता है। हम आगे बढ़ते रहते हैं, समय अपनी गति से चलता रहता है, पर स्मृतियां हमारे साथ चलती हैं, कभी छाया बनकर, कभी प्रकाश बनकर। वे शोर नहीं मचातीं, लेकिन हमारे निर्णयों, हमारे व्यवहार और हमारे भावों को चुपचाप आकार देती रहती हैं। जीवन की इस लंबी यात्रा में स्मृतियां ही वे रंग हैं, जो हमारे भीतर एक अदृश्य चित्र रचती हैं- कभी उजली, कभी गहरी, कभी हल्की, कभी भारी, लेकिन हमेशा अर्थपूर्ण। बचपन की स्मृतियां उस चित्र की सबसे कोमल परत होती हैं। वे दिन, जब जीवन सरल था और मन निष्कपट। सुबह स्कूल जाने से पहले मां की आवाज और उसके जवाब में 'बस पांच मिनट' की मासूम जिद। खोई हुई पेंसिल पर बहाए गए आंसू और शिक्षक की एक मुस्कान, जो सब कुछ ठीक कर देती थी। गर्मी की छुट्टियों में नानी के घर की सुबहें, आंगन में नंगे पांव दौड़ना और शाम को खेल से लौटते समय मां की पुकार- ये स्मृतियां आज भी मन को उसी तरह सुकून देती हैं, जैसे कभी दिया करती थीं। समय के साथ स्मृतियों का स्वर बदलने लगता है। विद्यार्थी



जीवन में भविष्य को लेकर जन्म लेते सपने, पहली बार मंच पर बोलते समय कांपती आवाज, परीक्षा से पहले की बेचैन रातें- ये अनुभव भीतर कहीं स्थायी निशान छोड़ जाते हैं। हर कोशिश सफल नहीं होती, हर उम्मीद पूरी नहीं होती, लेकिन कोशिश करने का साहस हमारे भीतर जड़ें जमा लेता है। जैसे किसी पेड़ को फल देने से पहले मजबूत जड़ों की जरूरत होती है, वैसे ही ये अनुभव हमें धीरे-धीरे मजबूत बनाते हैं। जीवन में मित्रता की स्मृतियां हमेशा हल्की धूप की तरह महसूस होती हैं। कालेज की कैंटीन में साझा की गई एक काफी, बिना वजह खींची गई तस्वीरें, देर रात तक चलने वाली बातचीत- ये पल जीवन को सहज बना देते हैं। कठिन समय में बिना सवाल पूछे साथ खड़ा दोस्त या उदासी में अचानक आया खुशखबरी का संदेश- ये छोटी-सी चीजें जीवन को रोशन कर देती हैं। समय और दूरी भले ही लोगों को अलग कर दे, लेकिन उनकी हंसी की गूंज स्मृतियों में हमेशा बनी रहती है। कुछ स्मृतियां मौन में पनपती हैं। वे क्षण, जब शब्द कम और विचार अधिक होते हैं। बस की खिड़की से बाहर देखते हुए पुराने दिनों में खो जाना, किसी को फोन करने की इच्छा होकर भी न कर पाना, देर रात पुराने संदेशों को बार-बार पढ़ना- ये स्मृतियां शोर नहीं करतीं, लेकिन भीतर बहुत कुछ कह जाती हैं।

यही मौन कई बार हमें स्वयं से मिलवाता है। और फिर जीवन हमें उन स्मृतियों से भी परिचित कराता है, जो पीड़ा लेकर आती हैं। किसी अपने की कठोर बात, बहुत चाहा हुआ अवसर हाथ से निकल जाना, या सही होते हुए भी अपनी बात न सुना पाना- इन क्षणों में दर्द गहरा होता है। लगता है जैसे सब कुछ बिखर गया हो, लेकिन समय के साथ वही पीड़ा हमें मजबूत बनाती है। वह हमें सावधान होना सिखाती है, अपनी कीमत पहचानना सिखाती है। ये स्मृतियां हमें तोड़ती नहीं, बल्कि गढ़ती हैं। कुछ यादें जीवन की सबसे गहरी परतों में छिपी होती हैं। प्रिय व्यक्ति को खोने का दुख, टूटे हुए रिश्ते, या ऐसा दर्द जिसे शब्द नहीं मिलते। बाहर से मुस्कुराते हुए भीतर खालीपन ढोना, त्योहारों में भी मन का भारी रह जाना- ये अनुभव कठिन होते हैं, लेकिन निरर्थक नहीं। अंधेरा ही हमें प्रकाश का मूल्य समझाता है। इन्हीं स्मृतियों से संवेदनशीलता जन्म लेती है और भीतर एक नई शक्ति आकार लेती है। यह अंत नहीं होता, बल्कि भीतर से फिर उठ खड़े होने की शुरुआत होती है। जैसे-जैसे जीवन आगे बढ़ता है, स्मृतियां जिम्मेदारी का रूप लेने लगती हैं। पहली बार घर के खर्च की चिंता, बड़ों की सेहत की जिम्मेदारी, या परिवार के लिए अपनी इच्छाओं को पीछे रखना- ये अनुभव जीवन की वास्तविकता से परिचय कराते हैं। पहली तनख्वाह से घर के लिए कुछ लाने की खुशी या थकान के बावजूद कर्तव्य निभाने के संतोष की स्मृति हमें जमीन से जोड़े रखती हैं। कुछ स्मृतियां ऐसी होती हैं, जो समय के साथ और अधिक मूल्यवान होती जाती हैं। मां का निस्वार्थ त्याग, पिता की बिना कहे दी गई सुरक्षा, शिक्षक का एक विश्वासभरा वाक्य, या कठिन समय में किसी अनजान व्यक्ति की मदद। धीरे-धीरे समझ आता है कि जीवन की सच्ची संपत्ति पद, पैसा या उपलब्धियां नहीं, बल्कि यही स्मृतियां हैं, जो मन में कभी फीकी नहीं पड़तीं। जीवन वास्तव में एक विशाल चित्र है और उसे रंग देती हैं हमारी स्मृतियां। हर रंग आवश्यक है- उजाला भी, छाया भी। केवल सुख की यादें नहीं, दुख की स्मृतियां भी हमें पूर्ण बनाती हैं। हम स्मृतियों को चुन नहीं सकते। वे जीवन की यात्रा में स्वयं जुड़ती जाती हैं। कुछ को हम सहेजकर रखते हैं, कुछ को भूलने की कोशिश करते हैं, लेकिन कोई भी स्मृति पूरी तरह मिटती नहीं। कभी-कभी हम कहते हैं कि यह याद नहीं चाहिए, लेकिन पीछे मुड़कर देखने पर वही स्मृति हमें सही दिशा दिखाती हुई मिलती है। बिना पीड़ा के संवेदना अधूरी है, बिना मौन के आत्म-परिचय असंभव। जब सभी रंग एक साथ होते हैं, तभी जीवन का चित्र संपूर्ण बनता है। और शायद जीवन का अर्थ भी वहीं से शुरू होता है।

## सार-समाचार

### पंचकल्याणक महोत्सव 11 से 16 अप्रैल तक

**अनोखा तीर, खंडवा।** शहर में जैन समाज का प्रमुख धार्मिक अनुष्ठान पंचकल्याणक महोत्सव 11 से 16 अप्रैल तक आयोजित किया जाएगा। बजरंग चौक स्थित महावीर दिगंबर जैन मंदिर में यह महोत्सव मुनि आदित्य सागर के सानिध्य में संपन्न होगा, जिसकी तैयारियां प्रारंभ हो चुकी हैं। समाज के सचिव सुनील जैन ने बताया कि महोत्सव के दौरान भगवान



मुनिसुव्रत, भरत और आदिनाथ की प्रतिमाओं का विधिवत प्रतिष्ठा समारोह आयोजित किया जाएगा। यह आयोजन तापड़िया गार्डन में होगा, जहां पांच दिनों तक पंचकल्याणक विधियों के माध्यम से प्रतिमाओं का प्रतिष्ठापन किया जाएगा। महोत्सव को लेकर समाज में विशेष उत्साह है और सभी सदस्य आयोजन को सफल बनाने में जुटे हैं। इस दौरान विभिन्न महापात्रों का चयन भी किया गया, जिनका समाजजनों द्वारा स्वागत किया गया। आयोजकों ने धर्मप्रेमी नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर महोत्सव में सहभागिता करने की अपील की है।

### भजन संध्या में गूंजा अहिंसा और अनुशासन का संदेश

**अनोखा तीर, खंडवा।** महावीर जयंती एवं पंचकल्याणक महोत्सव के तहत नवकार नगर जैन मंदिर में आयोजित भजन संध्या में भक्ति और उल्लास का वातावरण रहा। कार्यक्रम में डीआईजी मनोज राय ने शामिल होकर जैन समाज की अनुशासनप्रियता और अहिंसा के मार्ग की सराहना की। डीआईजी राय ने कहा कि जैन समाज के जुलूस और शोभायात्राएं हमेशा शांतिपूर्ण और अनुशासित रहती हैं, जिससे पुलिस प्रशासन को कभी किसी




प्रकार की चिंता नहीं रहती। उन्होंने समाजजनों को महावीर जयंती और पंचकल्याणक महोत्सव की शुभकामनाएं भी दीं। कार्यक्रम में नवकार महिला मंडल द्वारा भक्ति नृत्यों और भजनों की आकर्षक प्रस्तुतियां दी गईं, जिससे देशना मंडप भक्तिमय माहौल से सराबोर हो गया। इस दौरान पंचकल्याणक महोत्सव के महापात्रों का सम्मान भी किया गया। समाज के पदाधिकारियों ने बताया कि शहर में महावीर जयंती के उपलक्ष्य में विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। कार्यक्रम का संचालन प्रदीप छाबड़ा ने किया, जबकि आभार पंकज छाबड़ा ने व्यक्त किया।

### सिंधी सेवा मंडली के चुनाव निर्विरोध संपन्न

**अनोखा तीर, खंडवा।** सिंधी सेवा मंडली की चुनाव प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई, जिसमें अध्यक्ष पद पर संजय सभनानी निर्विरोध चुने गए। प्रवक्ता कमल नागपाल ने बताया कि नामांकन की निर्धारित अवधि तक सभी पदों के लिए एक-एक नामांकन प्राप्त हुआ, जिसके चलते सर्वसम्मति से सभी छह पदाधिकारी निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों



में अध्यक्ष संजय सभनानी, उपाध्यक्ष हरेश कुमार संतवानी और शंकरलाल आसवानी, सचिव प्रकाश आहूजा, सह सचिव पवन वासवानी तथा कोषाध्यक्ष मनोज गेलानी शामिल हैं। चुनाव अधिकारी मोहन दीवान और सहायक चुनाव अधिकारी अनिल आरतानी ने सभी पदाधिकारियों के निर्विरोध निर्वाचन की विधिवत घोषणा की। निवर्तमान अध्यक्ष मेठाराम पिंजानी ने इसे संस्था के लिए हर्ष का विषय बताते हुए कहा कि सभी पदों पर सर्वसम्मति से चयन होना संगठन की एकता को दर्शाता है। शेष कार्यकारिणी की घोषणा शीघ्र की जाएगी। वहीं, प्रवक्ता कमल नागपाल ने बताया कि संस्था के सदस्यों में खुशी का माहौल है और सभी ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई दी है।

### 12 अप्रैल से शुरू होगा गणगौर महोत्सव

**अनोखा तीर, नया हरसूद।** निमाड़ का प्रमुख गणगौर महापर्व इस वर्ष 12 अप्रैल से प्रारंभ होगा। छनेरा में भी यह आयोजन भव्य स्वरूप में मनाया जाएगा, जिसकी तैयारियां जोर-शोर से शुरू हो गई हैं। आयोजन की रूपरेखा तय करने के लिए श्रीराम मंदिर में बैठक आयोजित की गई, जिसमें सार्वजनिक गणगौर महोत्सव समिति का गठन किया गया। साथ ही



आयोजन को सफल बनाने के लिए सदस्यों को विभिन्न जिम्मेदारियां सौंपी गईं। समिति के सदस्यों एवं नगर परिषद छनेरा के अधिकारियों ने आयोजन स्थल का निरीक्षण भी किया। यह आयोजन वार्ड क्रमांक 13 स्थित सार्वजनिक गणगौर मांगलिक भवन, गैस गोदाम रोड के पास आयोजित किया जाएगा। बैठक एवं निरीक्षण के दौरान समिति अध्यक्ष हरेराम छलोत्रे, नगर परिषद अध्यक्ष मुकेश वर्मा, सीएमओ नृपत सिंह, हरनारायण राजपूत, रामभरोस करोड़े, राजेंद्र राजपूत सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# सामाजिक समरसता के साथ निकली भव्य रामरथ यात्रा

# सुरक्षा के कड़े इंतजाम





**अनोखा तीर, खंडवा।**

रामनवमी के पावन अवसर पर शहर में सामाजिक समरसता के भाव के साथ भव्य रामरथ यात्रा निकाली गई। बड़ाबम स्थित प्राचीन राम मंदिर से प्रारंभ हुई यह यात्रा कुम्हारवाड़ा, मालीकुआं, बुधवारा, केवलराम चौक, बाम्बे बाजार और घंटाघर होते हुए बजरंग चौक स्थित राम मंदिर पहुंचकर संपन्न हुई। रथयात्रा में श्रद्धालु श्वेत एवं केसरिया वस्त्र धारण कर भजन-कीर्तन करते हुए शामिल हुए। रथ पर भगवान श्रीराम का चित्र स्थापित था, वहीं मानस रामायण मंडली द्वारा रामायण पाठ किया गया। विभिन्न स्थानों पर समाज के विभिन्न वर्गों द्वारा यात्रा का स्वागत कर सामाजिक समरसता का संदेश दिया गया। यात्रा में राम, सीता, लक्ष्मण एवं बाल हनुमान के स्वरूप विशेष आकर्षण रहे। समापन पर आयोजित धर्मसभा में डॉ. मुनीश मिश्रा ने श्रीराम के आदर्शों को जीवन में अपनाने का संदेश दिया। कथावाचक पुष्पहास महाराज ने भी श्रीराम के जीवन को प्रेरणादायक बताते हुए उनके सिद्धांतों पर चलने का आह्वान किया। रामनवमी पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन द्वारा व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की गई। पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार राय के निर्देशन में लगभग 600 पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई। शहर के प्रमुख संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त बल, नाकाबंदी, पेट्रोलिंग एवं सीसीटीवी, ड्रोन कैमरों से निगरानी की गई। पुलिस प्रशासन ने नागरिकों से पर्व को शांति और सौहार्द के साथ मनाने की अपील की।

## खतरनाक उद्योगों में बाल श्रम पर सख्त प्रतिबंध

**अनोखा तीर, खंडवा।** प्रदेश में 14 से 18 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों के खतरनाक उद्योगों और प्रक्रियाओं में नियोजन पर पूर्ण प्रतिबंध लागू कर दिया गया है। श्रम विभाग ने स्पष्ट किया है कि ऐसे मामलों में शून्य सहनशीलता अपनाई जाएगी। श्रम पदाधिकारी के अनुसार, श्रम स्टार रेटिंग प्रणाली के तहत यदि किसी संस्थान में बाल श्रम या बंधुआ श्रम पाया जाता है तो उसे शून्य अंक दिए जाएंगे। वहीं, जिन संस्थानों में इस प्रकार का श्रम नहीं पाया जाता, उन्हें अन्य कमियों के बावजूद प्रोत्साहित किया जाएगा। बाल श्रम उन्मूलन के लिए वेदा पहल के तहत सतत निगरानी की जा रही है। साथ ही चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 पर प्राप्त शिकायतों पर भी कार्रवाई की जा रही है। कानूनी प्रावधानों के तहत बाल श्रम प्रतिषेध अधिनियम में दोषी पाए जाने पर 20 हजार से 50 हजार रुपए तक जुर्माना और 6 माह से 2 वर्ष तक कारावास का प्रावधान है। वहीं बंधुआ श्रम के मामलों में भी सख्त दंड निर्धारित है। बंधुआ श्रमिकों के पुनर्वास के लिए केंद्र सरकार की योजना के तहत आर्थिक सहायता दी जा रही है, जिसमें पात्र हितग्राहियों को 1 लाख से 3 लाख रुपए तक की सहायता उपलब्ध कराई जाती है।

# महावीर जयंती पर निकलेगी भव्य रथ यात्रा




**अनोखा तीर, खंडवा।**

अहिंसा के पुजारी एवं जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी का जन्म महोत्सव 30 मार्च को सकल जैन समाज द्वारा धार्मिक उत्साह के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों के साथ भव्य रथ यात्रा निकाली जाएगी। कार्यक्रम के तहत प्रातः 5.30 बजे प्रभात फेरी श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर सराफा से प्रारंभ होकर विभिन्न मार्गों से होते हुए तुलसी उद्यान पहुंचेगी, जहां झंडा वंदन के बाद प्रभावना वितरण किया जाएगा। समाज के सचिव सुनील जैन ने बताया कि वर्षों से जैन मुनियों के आशीर्वाद से यह पर्व सामूहिक रूप से मनाया जा रहा है। प्रातः 8 बजे भगवान महावीर की रथ यात्रा मंदिर से प्रारंभ होकर रामगंज, बुधवारा, केवलराम पेट्रोल पंप, बॉम्बे बाजार होते हुए घंटाघर स्थित कीर्ति स्तंभ पहुंचेगी, जहां अतिथियों द्वारा झंडा वंदन किया जाएगा।

इसके बाद यात्रा विभिन्न मार्गों से होते हुए घासपुरा स्थित महावीर दिगंबर जैन मंदिर पहुंचेगी। यहां सामूहिक आरती के पश्चात यात्रा नमिनाथ श्वेतांबर जैन मंदिर पहुंचेगी, जहां पुनः आरती होगी। इसके बाद रथ यात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए पुनः सराफा स्थित मंदिर पहुंचेगी। प्रातः 11 बजे पोरवाड़ दिगंबर जैन धर्मशाला में अभिषेक पूजन किया जाएगा।

इसके पश्चात अग्रवाल धर्मशाला में सकल जैन समाज एवं जैन सोशल ग्रुप के सौजन्य से स्वामी वात्सल्य भोज का आयोजन रखा गया है। मीडिया प्रभारी प्रेमांशु चौधरी ने समाजजनों से प्रभात फेरी एवं रथ यात्रा में निर्धारित वेशभूषा में शामिल होकर आयोजन की शोभा बढ़ाने का आग्रह किया है। साथ ही मंदिर में भगवान का पालना झुलाने का कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा।

## सीएम हेल्पलाइन में लापरवाही पर 10 अधिकारियों पर जुर्माना

**अनोखा तीर, खंडवा।**

सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों के निराकरण में लापरवाही बरतने पर 10 अधिकारियों पर 500-500 रुपए का अर्थदंड लगाया गया है। कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने बताया कि संबंधित अधिकारियों द्वारा शिकायतों को समय पर अटेंड नहीं किया गया, जिससे वे नॉट अटेंड प्रदर्शित हो रही थीं।

उन्होंने बताया कि सभी अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए थे, लेकिन संतोषजनक जवाब प्राप्त नहीं होने पर यह कार्रवाई की गई। सभी से जुर्माने की राशि वसूल भी कर ली गई है। कलेक्टर ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों को समय-सीमा में अटेंड कर पोर्टल पर जवाब दर्ज करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि लापरवाही पर आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# लोकायुक्त की सर्जिकल स्ट्राइक

**● कानून का रखवाला ही निकला भ्रष्ट ● रिश्वत लेते पकड़ा गया एएसआई**

**अनोखा तीर, खरगोन।** जिले के कसरावद थाना क्षेत्र में भ्रष्टाचार का बड़ा मामला सामने आया है। इंदौर लोकायुक्त पुलिस की टीम ने एएसआई रविंद्र कुमार गुरु को 7 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई बिस्टान निवासी फरियादी श्यामलाल उपाध्याय की शिकायत पर की गई। शिकायत में बताया गया था कि एएसआई ने एक प्रकरण में राहत देने और मामला निपटाने के एवज में 20 हजार रुपये की रिश्वत मांगी थी।



**कैसे बिछा लोकायुक्त का जाल-** शिकायत मिलने के बाद इंदौर लोकायुक्त टीम ने पूरे मामले की जांच की और योजना बनाकर ट्रैप लगाया। जैसे ही आरोपी एएसआई ने कसरावद बस स्टैंड पर 7 हजार रुपए की रिश्वत ली, टीम ने तुरंत उसे धर दबोचा। मांगीलाल उपाध्याय (निवासी ग्राम चंदावड़, तहसील भगवानपुरा) के खिलाफ कसरावद थाने में जान से मारने की धमकी देने का मामला दर्ज था। इसी केस को रफा-दफा करने के लिए एएसआई द्वारा रिश्वत की मांग की जा रही थी।

**कानूनी कार्रवाई शुरू-** आरोपी एएसआई के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण संशोधन अधिनियम 2018 की धारा 7 के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। इस कार्रवाई के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है, वहीं आम लोगों में यह चर्चा का विषय बना हुआ है कि कानून के रखवाले ही रिश्वतखोरी में लिप्त पाए जा रहे हैं।

## स्कूलों में बनेंगे विद्यार्थियों के आधार कार्ड

**अनोखा तीर, खंडवा।** विद्यार्थियों की सुविधा के लिए अब आधार कार्ड से जुड़ी सेवाएं सीधे स्कूलों में ही उपलब्ध कराई जाएंगी। राज्य शिक्षा केन्द्र और यूआईडीएआई के सहयोग से 1 अप्रैल से 15 मई तक स्कूलों में विशेष शिविर आयोजित किए जाएंगे। इस अभियान के तहत विद्यार्थियों के आधार नामांकन और बायोमेट्रिक अपडेट स्कूल परिसर में ही किए जाएंगे, जिससे उन्हें बाहर जाने की आवश्यकता नहीं होगी। पूर्व में आयोजित चरणों में भी बड़ी संख्या में विद्यार्थियों को लाभ मिला था। शिविरों के संचालन के लिए प्रदेश में 500 से अधिक ऑपरेटर्स नियुक्त किए गए हैं। स्कूलों के प्राचार्यों को निर्देश दिए गए हैं कि वे यूडीआईएसई-प्लस पोर्टल के माध्यम से ऐसे विद्यार्थियों की सूची तैयार करें, जिनके बायोमेट्रिक अपडेट लंबित हैं और उन्हें शिविर में शामिल होने के लिए प्रेरित करें। आधार में बायोमेट्रिक अपडेट 5 वर्ष और 15 वर्ष की आयु में अनिवार्य होता है। यह अपडेट स्कूल प्रवेश, छात्रवृत्ति, प्रतियोगी परीक्षाओं और डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर जैसी सेवाओं के लिए आवश्यक है। विभाग ने सभी विद्यार्थियों से समय-सीमा में आधार अपडेट कराने की अपील की है।

# कलेक्टर व विधायक ने किया पुस्तक मेले का निरीक्षण

**अनोखा तीर, खंडवा।** आगामी शिक्षा सत्र को ध्यान में रखते हुए आयोजित पांच दिवसीय पुस्तक मेले का शुक्रवार को कलेक्टर ऋषव गुप्ता एवं विधायक कंचन मुकेश तनवे ने निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। यह मेला 26 से 30 मार्च तक जिमखाना ग्राउंड के पास सूरजकुंड स्थित पीएम श्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर में आयोजित किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर एवं विधायक ने पुस्तक विक्रेताओं और पालकों से चर्चा कर पुस्तकों, अभ्यास पुस्तिकाओं एवं स्टेशनरी सामग्री की उपलब्धता तथा छूट की जानकारी ली। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि विद्यार्थियों और पालकों को उचित मूल्य पर सामग्री उपलब्ध कराई जाए तथा स्टॉल पर उपलब्ध पुस्तकों की जानकारी स्पष्ट रूप से प्रदर्शित की जाए। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी पीएस सोलंकी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि मेले में 16 स्टॉल लगाए गए हैं और अब तक लगभग 260 पालक एवं विद्यार्थी यहां से पुस्तकें व स्टेशनरी सामग्री खरीद चुके हैं।



## विद्युत सुरक्षा को लेकर ग्रामीणों को सावधानी बरतने की सलाह

**अनोखा तीर, खंडवा।**

विद्युत वितरण कंपनी ने ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ती दुर्घटनाओं को देखते हुए किसानों और ग्रामीणजनों से विद्युत सुरक्षा के प्रति विशेष सावधानी बरतने की अपील की है। कंपनी ने बताया कि असावधानी के कारण कई बार विद्युत से जुड़ी घटनाएं जान-माल के नुकसान का कारण बन जाती हैं। इसलिए किसी भी स्थिति में विद्युत लाइनों, खंभों और उपकरणों से छेड़छाड़ न करें, क्योंकि यह विद्युत अधिनियम 2003 के तहत दंडनीय अपराध है। ग्रामीणों को सलाह दी गई है कि आंधी-तूफान या अन्य कारणों से टूटे हुए बिजली के तारों को छूने का प्रयास न करें और तत्काल इसकी सूचना संबंधित अधिकारियों को दें। खेत-खलिहानों में विद्युत लाइनों के नीचे घास, फसल या अन्य सामग्री का ढेर न लगाएं और न ही ऊंची गाड़ियां वहां से निकालें, इससे दुर्घटना की आशंका रहती है। इसके अलावा बच्चों को पतंग या अन्य खेलों के दौरान विद्युत लाइनों के पास जाने से रोकने और खंभों पर चढ़ने से मना करने की भी अपील की गई है, ताकि किसी भी प्रकार की दुर्घटना से बचा जा सके।

रामनवमी पर भक्ति का महासागर

# 10 हजार श्रद्धालुओं के साथ निकला भव्य जुलूस



**अनोखा तीर, खरगोन।** नगर में रामनवमी के पावन अवसर पर भगवान श्रीराम का भव्य जुलूस तालाब चौक से दोपहर 2:30 बजे महाआरती के बाद प्रारंभ हुआ। पूरे शहर में जय श्रीराम के जयकारों के साथ धार्मिक उत्साह देखने को मिला।

**15 झांकियां, ढोल-ताशों की गूंज और 4 अखाड़ों का प्रदर्शन-** जुलूस में 15 आकर्षक झांकियां, डीजे, ढोल-ताशों की धूम और 4 अखाड़ों के हैरतअंगेज प्रदर्शन ने माहौल को भक्तिमय बना दिया। शहर सहित आसपास के 8 हजार से अधिक श्रद्धालु भक्ति गीतों पर नृत्य करते हुए शामिल हुए।



**जनप्रतिनिधियों और प्रशासन की मौजूदगी-** इस दौरान पूर्व मंत्री व खरगोन विधायक बालकृष्ण पाटीदार, कलेक्टर भव्या मित्तल और एसपी डॉ. रविंद्र वर्मा ने भगवान श्रीराम की आरती कर आशीर्वाद लिया और जुलूस में शामिल होकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

**सुरक्षा के कड़े इंतजाम: 400 से अधिक जवान तैनात-** पिछले वर्षों की घटनाओं को ध्यान में रखते हुए इस बार प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आया। जुलूस की सुरक्षा के लिए 400 से अधिक पुलिसकर्मी, वन विभाग और अन्य विभागों के कर्मचारी तैनात किए गए हैं। चप्पे-चप्पे पर ड्रोन और सीसीटीवी कैमरों से निगरानी रखी जा रही है रात तक चलेगा जुलूस, श्रीराम मंदिर में हुआ समापन। यह विशाल चल समारोह शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए देर रात बस स्टैंड स्थित श्रीराम मंदिर पहुंचद्म, जहां महाआरती के साथ जुलूस का समापन हुआ।



## सार-समाचार

## श्रीमद् भागवत कथा ज्ञानयज्ञ एवं देवी पूजन के साथ भव्य महायज्ञ संपन्न

**अनोखा तीर, इटारसी।** हिंदू नव वर्ष एवं चैत्र नवरात्रि महोत्सव श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ, देवी पूजन के साथ भव्य महायज्ञ के रूप में संपन्न हुआ। बताया गया कि यह हम सब का प्रथम प्रयास था, इस वर्ष मनाए गए हिंदू नव वर्ष के अंतर्गत चैत्र नवरात्रि उत्सव के साथ-साथ श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया गया। नगर की महिला सांस्कृतिक समिति द्वारा देवी भजन प्रस्तुति, आदिवासी समाज द्वारा आदिवासी नृत्य, इटारसी के विभिन्न मंडलों



की महिलाओं द्वारा दो दिवसीय भव्य गरबा महोत्सव, वरिष्ठ हास्य व्यंग कवि बृजकिशोर पटेल इटारसी के नेतृत्व में कवि सम्मेलन एवं अष्टमी के अवसर पर महाआरती, पुराण मनीषी परम पूज्य आचार्य मधुसूदन महाराज इटारसी के नेतृत्व में ब्राह्मणों से कराई गई। श्रीमद् भागवत कथा का वाचन पूज्य भगवताचार्य सुनीलानंद महाराज ग्वालियर के मुखारविंद से किया गया एवं महायज्ञ यज्ञाचार्य नीरज द्विवेदी उज्जैन द्वारा यजमानों से विधिवत वेद मंत्रोच्चार द्वारा कराया गया। इस नववर्ष उत्सव अंतर्गत विभिन्न आयोजन समिति द्वारा किए गए। जैसे प्रतिदिन कन्या पूजन, कन्याओं को देवी स्वरूप बनाकर पूजन-अर्चन किया गया। हिंदू नव वर्ष महोत्सव के अंतिम दिवस महायज्ञ के समक्ष भव्य भंडारा प्रसादी का आयोजन किया गया। इस कथा आयोजन में प्रतिदिन समाज के विभिन्न वर्गों के सदस्यों द्वारा पूज्य महाराज श्री का श्रीफल एवं पुष्प माल से भव्य स्वागत किया गया। इस आयोजन में सभी श्रद्धालुओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और आगे भी इसी तरह हिंदू नव वर्ष सभी के जन सहयोग से किया जाएगा। कार्यक्रम के संयोजिका श्रीमती जागृति आशीष भदोरिया के द्वारा आयोजन समिति के सभी वरिष्ठ-कनिष्ठ सदस्यों एवं समस्त नगर वासियों आभार व्यक्त किया है।

## पंपों पर भीड़, भोपाल-इंदौर-उज्जैन में 25 प्रतिशत ज्यादा पेट्रोल बिका

### एलपीजी सिलेंडर के लिए भी लंबी कतारें; सरकार का दावा- प्रदेश में भरपूर ईंधन

**अनोखा तीर, भोपाल।** अमेरिका, इजराइल और ईरान में तनाव की खबरों के बीच मध्य प्रदेश में पेट्रोल पंपों पर तीन दिनों से भीड़ बढ़ गई है। कई शहरों में लोग सुबह 5 बजे से ही गाड़ियों के साथ लाइन में लग रहे हैं और देर रात तक पंपों पर दबाव बना हुआ है। हालांकि, सरकार और प्रशासन ने साफ किया है कि प्रदेश में पेट्रोल-डीजल की कोई कमी नहीं है और पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। मध्य प्रदेश पेट्रोल पंप ओनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय सिंह के मुताबिक, अफवाहों के चलते ईंधन की खपत में तेजी आई है। भोपाल, इंदौर



और उज्जैन में भीड़ अपेक्षाकृत कम है, लेकिन खपत करीब 25% तक बढ़ गई है। लोग जरूरत से ज्यादा ईंधन भरवा रहे हैं, जिससे दबाव बढ़ रहा है। भोपाल के फूड कंट्रोलर चंद्रभान सिंह जादौन ने बताया कि शहर में 192 पेट्रोल पंपों पर सप्लाई सामान्य बनी हुई है। खाद्य विभाग की टीमें लगातार मॉनिटरिंग कर रही हैं और जहां कमी की सूचना मिली, वहां तुरंत आपूर्ति सुनिश्चित की गई। इंदौर और उज्जैन के डिपो में भी पर्याप्त स्टॉक मौजूद है और टैंकरों के जरिए नियमित सप्लाई जारी है।

इधर, घरेलू गैस सिलेंडर को लेकर भी शहरों में लोगों की लाइनें देखने को मिल रही हैं। कई जगह बुकिंग के बाद 6 से 8 दिन में डिलीवरी हो रही है, जिससे लोगों की चिंता और बढ़ गई है।

### इंदौर में टीमें तैनात, डिपो में पर्याप्त स्टॉक

इंदौर और उज्जैन में भी पर्याप्त स्टॉक है। इंदौर के मांगलिया स्थित एचपीसीएल, भारत पेट्रोलियम और इंडियन ऑयल के डिपो पर टैंकरों में ईंधन भरा जा रहा है, जो पंपों तक पहुंच रहे हैं। प्रशासन का दावा है कि डिपो में पर्याप्त मात्रा में पेट्रोल और डीजल उपलब्ध है। इसके लिए खाद्य विभाग की टीमें तैनात की गई हैं।

**छोटे जिलों में अफवाह का ज्यादा असर-** अफवाहों का ज्यादा असर छोटे जिलों में देखने को मिल रहा है, जहां किसान फसल कटाई को देखते हुए बड़ी मात्रा में डीजल लेने पहुंच रहे हैं। रीवा में अफवाह फैलने के बाद प्रशासन ने स्पष्ट किया कि ईंधन की कमी नहीं है और अफवाह फैलाने वालों पर कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।

# नर्मदा ब्रिज के नीचे दूध डेयरी संचालक का शव मिलने से सनसनी

**अनोखा तीर, नर्मदापुरम।**

नगर में शुक्रवार सुबह बुधनी रोड स्थित नर्मदा ब्रिज के नीचे 51 लगभग वर्षीय दूध डेयरी संचालक कमलेश चौहान का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मृतक पंचवटी कॉलोनी के निवासी थे और हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में चौहान दूध डेयरी का संचालन करते थे। परिजनों के अनुसार, कमलेश चौहान शुक्रवार तड़के करीब 03 से 04 बजे के बीच बिना कुछ बताए घर से निकल गए थे। उनके अचानक लापता होने के बाद परिजन लगातार उनकी तलाश कर रहे थे। सुबह करीब 8.10 बजे पुलिस को सूचना मिली कि नर्मदा ब्रिज के नीचे नदी के बीच पत्थर पर शव पड़ा हुआ है। सूचना मिलते ही देहात थाना पुलिस मौके पर पहुंची। एएसआई प्रवीण शर्मा और लक्ष्मण अमोले सहित पुलिस टीम और



परिजन घटनास्थल पर पहुंचे। शव नदी के तेज बहाव के बीच एक पत्थर पर पड़ा था, जिसे बाहर निकालने के लिए होमगार्ड जवानों को नाव का सहारा लेना पड़ा।

### ब्रिज पर मिली बाइक और चप्पल, हत्या या आत्महत्या की आशंका

घटनास्थल पर ब्रिज के ऊपर मृतक की बाइक लावारिस हालत में खड़ी मिली, जबकि चप्पलें भी वहीं पड़ी थीं। इन परिस्थितियों को देखते हुए पुलिस प्रारंभिक तौर पर पुल से कूदकर आत्महत्या की आशंका जता रही है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की विस्तृत जांच शुरू कर दी है। फिलहाल आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है और पुलिस सभी पहलुओं से जांच कर रही है।


# सलकनपुर धाम में वायरल वीडियो से मचा हड़कंप

### ● मंदिर परिसर में कार घूमने से उठे सुरक्षा पर सवाल

**अनोखा तीर, सीहोर।**

प्रदेश के प्रसिद्ध आस्था स्थल सलकनपुर देवी धाम से जुड़ा एक वीडियो इन दिनों सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में मंदिर परिसर के बाहर एक कार घूमती हुई नजर आ रही है, जिससे सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। बताया जा रहा है कि जिस स्थान पर श्रद्धालु बड़ी संख्या में दर्शन और परिक्रमा के लिए पहुंचते हैं, वहां इस तरह वाहन का पहुंचना व्यवस्था में बड़ी चूक को दर्शाता है।

वीडियो सामने आने के बाद श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों में नाराजगी देखी जा रही है। हालांकि, यह अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है कि वीडियो कब का है और इसे किसने बनाया है। साथ ही यह भी जांच का विषय बना हुआ है कि संबंधित वाहन मंदिर परिसर तक कैसे पहुंचा। गौरतलब है कि मंदिर क्षेत्र में आमतौर पर वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध रहता है, इसके बावजूद इस तरह की घटना सामने आना सुरक्षा इंतजामों पर सवाल खड़े कर रहा है। फिलहाल मामले में प्रशासन और मंदिर समिति की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। वहीं, सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो के आधार पर जांच की मांग तेज हो गई है।



### भीलट देव मंदिर में मेले की तैयारियों पर मंथन



अनोखा तीर, सिवनी मालवा। शहर से 8 किमी. दूर स्थित देव स्थान भीलट देव मंदिर समिति की अहम बैठक आयोजित हुई। बैठक में स्वच्छता, पेयजल व विश्राम सुविधाओं पर ज़ोर, दिया गया और अव्यवस्थाओं को रोकने का प्रयास किया जाएगा। गोविंद दास महंत ने बताया कि भीलट देव मंदिर परिसर में मंदिर समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। जिसमें आगामी मेले के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता देने पर सहमति बनी। बैठक में निर्णय लिया गया कि चौदस तिथि पर बाबा के नीर लेने के उपलक्ष्य में मंदिर के शिखर पर ध्वजा चढ़ाई जाएगी और इस पावन अवसर पर भजन-कीर्तन का विशेष आयोजन होगा। समिति ने मेले के दौरान मंदिर परिसर में स्वच्छता बनाए रखने, पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराने और श्रद्धालुओं के विश्राम की उचित व्यवस्था सुनिश्चित करने पर विस्तृत विचार-विमर्श किया। साथ ही पूर्व में देखी गई अव्यवस्थाओं भीड़ नियंत्रण, आवागमन और सुरक्षा से जुड़े बिंदुओं पर चर्चा कर सुधारात्मक कदम तय किए गए। मंदिर समिति ने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि वे मेले में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर आयोजन को सफल बनाएं और व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें।

## रेहटी में भव्यता और श्रद्धा के साथ मनाया गया श्री राम जन्मोत्सव

**अनोखा तीर, बुदनी।** रेहटी नगर के एकमात्र प्राचीन रामजानकी मंदिर में श्री राम जन्मोत्सव इस वर्ष अत्यंत भव्यता, उल्लास और गहरी धार्मिक आस्था के साथ मनाया गया। पर्व के अवसर पर मंदिर परिसर को रंग-बिरंगी आकर्षक सजावट, फूलों और रोशनी से सजाया गया, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय और उत्सवमय दिखाई दिया। प्रातःकाल से ही मंदिर में श्रद्धालुओं का आगमन शुरू हो गया था। दूर-दूर से आए महिला-पुरुष, युवक-युवतियों एवं बच्चों ने भगवान श्रीराम, माता सीता एवं लक्ष्मण जी के दर्शन कर पूजा-अर्चना की और अपने परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। पूरे दिन मंदिर परिसर में भजन-कीर्तन, रामधुन और जयकारों की गूंज बनी रही, जिससे माहौल पूरी तरह भक्ति में सराबोर रहा। जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में भगवान का विशेष श्रृंगार किया गया तथा उन्हें नवीन वस्त्र धारण कराए गए। इसके साथ ही श्रद्धा और भक्ति भाव से छप्पन भोग अर्पित किया गया। श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से भगवान के दर्शन कर प्रसन्नता व्यक्त की। दोपहर 12 बजे भगवान श्रीराम के जन्म के पावन क्षण को विशेष विधि-विधान के साथ मनाया गया। इस दौरान मंदिर में घंटा-घड़ियाल और शंखनाद के साथ जय श्रीराम के जयकारों से वातावरण गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने एक-दूसरे को बधाई देकर इस पावन अवसर की खुशियां साझा कीं। संध्या समय भव्य महाआरती का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। आरती के दौरान मंदिर परिसर में दीपों की जगमगाहट और भक्ति गीतों की मधुर धुन ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के अंत में श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। पूरे आयोजन के दौरान अनुशासन और श्रद्धा का विशेष ध्यान रखा गया। इस भव्य आयोजन ने न केवल धार्मिक आस्था को मजबूती दी, बल्कि नगर में सामाजिक समरसता और उत्साह का भी संदेश दिया।



### एनडीए सांसद समन्वय समिति की बैठक

**विकसित भारत के संकल्प और**

# जनकल्याणकारी नीतियों पर हुआ गहन मंथन

### वीआईपी रोड पर बढ़ता अतिक्रमण बना बड़ी समस्या

**अनोखा तीर, नर्मदापुरम।** शहर के प्रमुख और व्यस्त मार्गों में शामिल वीआईपी रोड इन दिनों अतिक्रमण बढ़ता जा रहा है। यहां सब्जी एवं फल विक्रेताओं द्वारा सड़क किनारे और कई स्थानों पर सड़क के बीच तक किए गए अतिक्रमण कर लिया है। आम नागरिकों, वाहन चालकों और विद्यार्थियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। हीरो होंडा चौराहे से लेकर नेहरू पार्क तक लगभग पूरे मार्ग पर ठेले, गुमटियां और अस्थायी दुकानों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। जिससे सड़क की चौड़ाई काफी कम हो गई है। कई स्थानों पर तो स्थिति ऐसी बन जाती है कि दो पहिया वाहन तक को निकालने में परेशानियों का सामना करना पड़ता है। सुबह स्कूल और कॉलेज के समय तथा शाम के व्यस्त घंटों में हालात और भी ज्यादा बिगड़ जाते हैं। छात्र-छात्राएं, अभिभावक और नौकरीपेशा लोग रोजाना जाम और अव्यवस्था से जूझने को मजबूर हैं।

कई बार एम्बुलेंस और आपातकालीन सेवाओं को भी इस मार्ग से निकलने में देरी का सामना करना पड़ता है, जो किसी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकता है। स्थानीय व्यापारियों और रहवासियों का कहना है कि इस समस्या को लेकर कई बार नगरपालिका और प्रशासन को अवगत कराया जा चुका है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। अतिक्रमण हटाने के लिए कभी-कभार औपचारिक कार्रवाई जरूर होती है, लेकिन कुछ ही दिनों में स्थिति फिर पहले जैसी हो जाती है। इस अव्यवस्था के चलते सड़क दुर्घटनाओं का खतरा भी लगातार बढ़ता जा रहा है। पैदल चलने वालों के लिए फुटपाथ पूरी तरह से कब्जे में हैं, जिससे उन्हें मजबूरन सड़क पर चलना पड़ता है। इससे छोटे-बड़े हादसों की आशंका बनी रहती है। शहरवासियों का आरोप है कि जिम्मेदार अधिकारी इस गंभीर समस्या को नजरअंदाज कर रहे हैं। यदि समय रहते ठोस और स्थायी समाधान नहीं किया गया, तो आने वाले दिनों में स्थिति और भी विकट हो सकती है। लोगों ने जिला प्रशासन और नगर पालिका से मांग की है कि वीआईपी रोड को अतिक्रमण मुक्त करने के लिए विशेष अभियान चलाया जाए, नियमित निगरानी की जाए और सड़क व्यवस्था को व्यवस्थित किया जाए, ताकि आमजन को राहत मिल सके और शहर की यातायात व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित हो सके।



### बच्ची के मुंह-नाक में रुई ठूंसकर मां ने लगाई फांसी

गुना (नप्र)। मध्य प्रदेश के गुना जिले में एक मां ने अपनी 10 महीने की बच्ची के मुंह और नाक में रुई ठूंसने के बाद खुद फांसी लगा ली। बच्ची की हालत गंभीर बनी हुई है। जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि बिजली बिल को लेकर पति-पत्नी के बीच विवाद हुआ था। मामला कैंट थाना क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक, मृतका की पहचान नानाखेड़ी निवासी कीर्ति कुशवाह (26) के रूप में हुई है, जिसकी शादी नानाखेड़ी निवासी नीतीश से हुई थी।

# 'पति-पत्नी में अप्राकृतिक संबंध अपराध नहीं'

### ● हाईकोर्ट की ग्वालियर बेंच ने पति को दी बड़ी राहत

**ग्वालियर (एजेंसी)।** मध्य प्रदेश हाईकोर्ट की ग्वालियर बेंच ने पत्नी के साथ अप्राकृतिक संबंध के मामले में पति को बड़ी राहत दी है। कोर्ट ने कहा है कि पति-पत्नी के बीच अननैचुरल संबंध अपराध नहीं है। इसके साथ ही पति पर दर्ज एफआईआर को आंशिक रूप से निरस्त कर दिया है। वहीं, अन्य मामले उसके खिलाफ चलते रहेंगे। पति पर पत्नी ने दहेज, मारपीट और प्रताड़ना का आरोप लगाया था।



● **कोर्ट ने कहा कि यह अपराध नहीं-** इस मामले का ट्रायल हाईकोर्ट की ग्वालियर बेंच में चल रहा था। अननैचुरल संबंध के मामले में कोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया है। साथ ही कहा है कि पति-पत्नी के बीच बने संबंधों को धारा 377 के तहत अपराध नहीं माना जा सकता है।

### पति भी पहुंचा था हाईकोर्ट

गौरतलब है कि इस मामले में सुनवाई के दौरान पति भी कोर्ट में उपस्थित था। इस दौरान पति के वकील ने कहा कि मेरे मुवक्किल के खिलाफ मामले को बढ़ा चढ़ाकर पेश किया गया है। वहीं, महिला के पूर्व और अभी के बयान मेल नहीं खाते हैं। धारा 377 के तहत केस नहीं चलाया जा सकता है। कोर्ट ने पति, ससुर और सास के खिलाफ लगे आरोपों को रद्द करने से इनकार कर दिया है।

### महिला ने पति पर दर्ज करवाया था केस

दरअसल, भिंड की महिला ने साल 2023 में अपने पति के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई थी। उसमें महिला ने कहा था कि ससुराल पक्ष के लोग 10 लाख रुपए और बुलेट की मांग कर रहे हैं। शादी के समय परिवार ने भरपूर दहेज दिया था। इसके बावजूद यह मांग की जा रही है। साथ ही शिकायत में कहा गया था कि मुझे प्रताड़ित किया जा रहा है। पत्नी ने अपने पति अननैचुरल यौन संबंध का भी आरोप लगाया था।

# उज्जैन में बारातियों से भरी बस पलटी, 15 घायल

### ● सड़क निर्माण के बीच ओवरटेक करने से हादसा, इंदौर से खाचरोद जा रही थी

**अनोखा तीर, उज्जैन।**

उज्जैन के इंगोरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत जहांगीरपुर गांव के पास शुक्रवार को एक बड़ा सड़क हादसा हुआ। इंदौर से खाचरोद जा रही बारातियों से भरी एक बस अनियंत्रित होकर पलट गई। इस दुर्घटना में लगभग 18 लोग घायल हो गए।

प्राथमिक जानकारी के अनुसार, जिस स्थान पर यह हादसा हुआ, वहां इन दिनों सड़क निर्माण कार्य चल रहा है। बताया जा रहा है कि इसी दौरान ओवरटेक करने के प्रयास में बस चालक का संतुलन बिगड़ गया, जिससे बस पलट गई। हादसे के वक्त बस में बड़ी संख्या में बाराती सवार थे।

घायलों को तत्काल स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका प्राथमिक उपचार जारी है। कुछ घायलों की हालत को देखते हुए 5 एंबुलेंस उज्जैन अस्पताल रवाना किया गया।



### घायलों में 13 महिलाएं

नायब तहसीलदार प्रियंका जैन ने बताया कि हादसे में कुल 18 लोग घायल हुए हैं, जिनमें 13 महिलाएं, 4 बच्चे और 1 पुरुष शामिल है। इनमें से 8 घायलों को उज्जैन अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जबकि अन्य का इलाज खाचरौद के अस्पताल में जारी है।

## सार-समाचार

### पुलिस ने दो दर्जन बदमाशों को किया गिरफ्तार

**अनोखा तीर, कन्नौद।** देवास पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोत द्वारा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमति सौम्या जैन, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस कन्नौद आदित्य तिवारी को अपने अनुभाग अंतर्गत फरार स्थायी वारटियों व बदमाशों के विरूद्ध अभियान चलाकर धरपकड़ कर कार्यवाही करवाने हेतु निर्देशित किया गया था। जिसके पालन में पुलिस थाना कन्नौद



की दो टीम बनाकर अलग-अलग क्षेत्र में कार्यवाही की गई। पुलिस टीम द्वारा काम्बिंग गस्त के दौरान न्यायालय में लंबित प्रकरणों में फरार 12 स्थायी-गिरफतारी वारंटियों, मारपीट संबंधी 9 अपराधियों तथा 2 अवैध हथियार रखने वाले तथा 1 शराब परिवहन के कुल 24 अपराधियों को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया। उपरोक्त कार्यवाही में उनि दीपक गोंड़े, सउनि गणेश विश्नोई, प्रआर दीपक अग्निहोत्री, आर रविराज, बॉबी वर्मा, योगेन्द्रसिंह का सराहनीय योगदान रहा।

### डायल 112 की त्वरित कार्यवाही से बची युवक की जान


**अनोखा तीर, कन्नौद।** जिला देवास पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोत द्वारा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमति सौम्या जैन, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस कन्नौद आदित्य तिवारी व समस्त थाना प्रभारियों को अपने अधिनस्थ डायल-112 पर तैनात बल को आमजन की समस्याओं के प्राप्त इवेंट पर तत्काल पहुंचकर कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया था। 26 मार्च को डायल-112 कंट्रोल रूम से



एफआरवी-22 पर तैनात स्टॉफ को सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम कुस्मानिया की गौ-शाला के पास एक व्यक्ति कुएं में गिर गया है, स्टॉफ द्वारा इवेंट की सूचना से तत्काल थाना प्रभारी कन्नौद निरीक्षक तहजीब काजी को अवगत कराया गया, उनके द्वारा सूचना की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए एफआरवी स्टॉफ को तत्काल मौके पर पहुंचकर उपलब्ध संसाधन तथा कम्युनिकेशन प्लान जिसमें स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से युवक को बचाने के लिए मार्गदर्शन दिया गया, एफआरवी स्टॉफ द्वारा मौके पर पहुंचकर अपने संसाधन तथा कम्युनिकेशन प्लान का उपयोग कर करीब 150 फिट गहरे कुएं में रस्सा डालकर कुएं में गिरे युवक विक्रम पिता राजकुमार निवासी कुस्मानिया को रेसक्यू किया गया। पुलिस द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर युवक की जान बचाने पर युवक के परिजनों द्वारा पुलिस का अभार व्यक्त किया गया। उपरोक्त कार्यवाही में पर तैनात सैनिक गोविंद कर्मा एवं पायलेट रवि अंकेल का सराहनीय योगदान रहा।

### मनीष तिवारी की भजन संध्या एवं विशाल भंडारा आज

**अनोखा तीर, देवास।** धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक परंपरा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 28 मार्च, शनिवार को देवास नगर में भव्य भजन संध्या



एवं विशाल भंड़ारे का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम शाम 7 बजे से चामुंड़ा पैलेस, आवास नगर में संपन्न होगा। आयोजक बंटी मंगरोलिया ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद महेंद्रसिंह सोलंकी उपस्थित रहेंगे। साथ ही भाजपा जिलाध्यक्ष रायसिंह सेंधव एवं भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष भगवान परमार भी विशेष रूप से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएंगे। भजन संध्या में सुप्रसिद्ध भजन गायक मनीष तिवारी अपनी मधुर प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को भक्ति रस में सराबोर करेंगे।

### गुर्जर गौड़ ब्राह्मण महासभा की जिला महिला सभाध्यक्ष पद पर चंचल व्यास हुई नियुक्त

**अनोखा तीर, देवास।** अखिल भारत वर्षीय गुर्जर गौड़ ब्राह्मण महासभा के



अंतर्गत राष्ट्रीय महिला सभा की अध्यक्ष माया राजेश त्रिवेदी की सहमति से श्रीमती चंचल व्यास को देवास जिला महिला सभा के अध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया है। उनकी नियुक्ति पर राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष माया राजेश त्रिवेदी सहित प्रमोद व्यास, राजेश त्रिवेदी, सुबोध शर्मा, कमलेश शर्मा, दिनेश मिश्रा, संजय शुक्ला, महेन्द्र स्थापक, प्रीति पुरोहित, शीला शर्मा, डॉ. रानी व्यास, कविता शर्मा, अंजली व्यास एवं संध्या आचार्य सहित देवास जिले की युवक-युवती परिचय सम्मेलन समिति के सभी सदस्यों तथा श्री महर्षि गौतम सेवा समिति के सदस्यों ने बधाई दी।

# 24 घंटे में अंधे कत्ल का पुलिस ने किया पर्दाफाश

## सीसीटीवी फुटेज से हुई आरोपी की पहचान

**अनोखा तीर, खातेगांव।**

नगर के वार्ड क्रं. 4 से होकर अजनास बाईपास चिमटा वाला बाबा मार्ग पर एक युवक के शव मिलने का मामला प्रकाश में आया था। संदिग्ध अवस्था में मिले युवक केशव को पुलिस ने बड़े गंभीरता से लेते हुए महज 24 घंटे के अंदर आरोपी को पुलिस ने गिरफ्त में लिया। 27 मार्च को पुलिस थाना खातेगांव में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सौम्या जैन ने प्रेस वार्ता में मामले का खुलासा करते हुए बताया कि 25 मार्च की सुबह पुलिस थाने को मिली सूचना रेहना बी पति हनीफ शाह जाति फकीर उम्र 30 साल निवासी किराए का मकान डाक बंगला खातेगांव ने थाने पर सूचना दी थी, कि उसका पति बाजार जाने के लिए बोलकर गए थे अभी तक घर पर नहीं आए सूचना पर से गुम इंसान का मामला पुलिस ने पंजीकृत किया। जांच के दौरान 25 मार्च को सूचना प्राप्त हुई की गुमशुदा हनीफ शाह मृत अवस्था में चिमटा वाले बाबा के रास्ते पर पड़ा हुआ है। मौके पर फरियादी समीर शाह पिता बशीर शाह निवासी चुना भट्टी खातेगांव द्वारा रिपोर्ट की गई की हनीफ को किसी अज्ञात व्यक्ति ने सर पर पत्थर मार कर हत्या कर दी।




रिपोर्ट पर से पुलिस ने विभिन्न धाराओं में अपराध पंजीकृत कर विवेचना में लिया। उक्त घटना को गंभीरता से देखते हुए देवास पुलिस अधीक्षक पुनीत गहलोत के द्वारा हत्या के आरोपियों को गिरफ्तार कर समस्त कार्रवाई करने हेतु निर्देशित किया गया, जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती सौम्या जैन अनुविभागीय अधिकारी पुलिस आदित्य तिवारी के मार्गदर्शन में खातेगांव थाना प्रभारी विजय लोधी के नेतृत्व में टीम गठित की गई। पुलिस टीम द्वारा तकनीकी साक्ष्य भौतिक साक्ष्य एवं मुखबिर तंत्र सक्रिय कर घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरा चेक किए गए विश्वसनीय सूचना एवं सीसीटीवी फुटेज के आधार पर संदेह सुनील पिता महेश चंद्र अग्रवाल उम्र 32 साल निवासी ग्राम अमेली थाना हरणगांव हाल मुकाम सुनील का ढाबा अजनास ब्रिज के पास कन्नौद खातेगांव सर्विस रोड खातेगांव को पुलिस अभिरक्षा में लिया गया। जिससे पूछताछ के दौरान ज्ञात हुआ कि मृतक एवं आरोपी के मध्य पैसे का लेनदेन की बात को लेकर आरोपी ने हत्या करना स्वीकार किया मामले में विधि भी सम्मत कार्रवाई कर आरोपी को गिरफ्तार कर विवेचना की जा रही है। तरीका वारदात 25 मार्च को खातेगांव क्षेत्र में घटित मृत्यु के मामले में पुलिस द्वारा गंभीरता से जांच करने पर हत्या के आरोपी का खुलासा किया गया। आरोपी सुनील अग्रवाल एवं मृतक हनीफ के मध्य पूर्व से ही आवश्यकता पड़ने पर आपस में पैसे का लेनदेन चलता था। आरोपी ने मृतक को 50 हजार रुपए उधार दिए थे, जिसमें से मृतक ने 30 हजार आरोपी को वापस दे दिए थे। शेष राशि वापस नहीं देने से आरोपी द्वारा मृतक को रात्रि में शराब पिलाने के बहाने से सुनसान स्थान पर ले जाकर मृतक हनीफ की हत्या कर दी। पुलिस ने पूछताछ के दौरान आरोपी ने हत्या करना स्वीकार किया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी सुनील पिता महेश चंद्र अग्रवाल उम्र 32 साल निवासी ग्राम अमेली थाना हरणगांव हाल मुकाम सुनील का ढाबा अजनास ब्रिज के पास कन्नौद खातेगांव सर्विस रोड पर उक्त कार्य में खातेगांव थाना प्रभारी विजय सिंह लोधी एवं उनकी टीम का सराहनी योगदान रहा। ईनाम की घोषणा पुलिस अधीक्षक द्वारा टीम को 10 हजार का नगद पुरस्कार से पुरस्कृत करने की घोषणा की गई।

## शंख घंटी की ध्वनि से वातावरण हुआ भगवान राममय

**अनोखा तीर, खातेगांव/भोपाल।**

दादाजी धूनी वाला दरबार श्यामला हिल्स भोपाल में चैत्र नवमी पर गुरुदेव साधक संत दादाभाई के सानिध्य में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। दादाजी धूनीवाला दरबार श्यामला हिल्स भोपाल के मीड़िया प्रभारी प्रदीप साहू ने बताया कि गुरु भगवान साधक संत दादा भाई के मार्गदर्शन में विद्वान आचार्य के द्वारा पूर्ण विधि विधान के साथ भगवान मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम जी के जन्मोत्सव पर विशेष पूजन किया गया एवं रामायण की चौपाइयों के साथ राम नाम संर्कीतन का भक्त श्रद्धालुओं ने गुणगान किया। दोपहर 12:00 बजाते ही राम दरबार में शंख घंटी घंटाल की ध्वनि से पूरा वातावरण भगवान राममय हो गया। प्रकट भई कृपाला दीन दयाला राम जन्मोत्सव के पावन अवसर पर भगवान श्रीराम के जयकारे गूंज रहे थे। इस अवसर पर मंदिर परिसर में विशेष रूप से मंदिर को सजाया



गया एवं भगवान श्रीराम, लक्ष्मण, माता जानकी एवं हनुमान जी की प्रतिमा पर विशेष वस्त्र के साथ भगवान का अभिषेक श्रृंगार किया गया जो भक्तों के मन को भाया था। भक्तों को राम जन्मोत्सव की विशेष प्रसादी विपरीत की गई। गुरुदेव दादा भाई ने भक्तों के बीच राम संर्कीतन करते हुए, सुनाया हम तो हमारे प्रभु श्रीराम जी के रामजी हमारे हैं हम हैं राम जी के जय राम श्री राम जय राम जय जय श्री राम। भक्तों ने काफी देर तक संर्कीतन का आनंद लिया।

## चाकू मारकर हत्या का प्रयास करने वाले आरोपी को सात साल की सजा

**अनोखा तीर, भैंसदेही।** जादू टोने के शक में चाकू मारकर हत्या का प्रयत्न करने के आरोपी को न्यायालय ने 7 वर्ष के कठोर कारावास और 5 हजार रुपए के जुर्माने की सजा सुनाई है। इस प्रकरण में मप्र राज्य की ओर से अभियोजन का संचालन सहायक जिला अभियोजन अधिकारी भैंसदेही मनवीर सिंह ठेनुआ द्वारा किया गया है। मनवीर सिंह ठेनुआ ने बताया कि फरियादी बस्तीराम ने आठनेर थाने में इस आशय की रिपोर्ट दर्ज कराई थी, कि वह 5 अप्रैल को सुबह 9:30 बजे मोटरसाईकिल से मजदूरी करने जा रहा था। तभी उसके पास फोन आने पर वह गोपी धुर्वे के घर के सामने चौपाल के पास मोटरसाईकिल रोककर फोन पर बात करने लगा था। उसी समय गोपी धुर्वे मोहल्ले की तरफ से गालिया देते हुए आया था, और जादू टोना करके उसके नाती को मारने की बात कहते हुए उसके सिर में चाकू से मारा और वह जमीन पर गिर गया और उसके सिर से खून निकलने लगा। इसके बाद गोपी धुर्वे ने फिर से उसके पेट, सीने और पीठ में चाकू से लगातार वार किए, जिससे उसके पेट, सीने और पीठ में भी चोट आई हैं। फरियादी बस्तीराम की सूचना के आधार पर थाना आठनेर में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना की गयी। प्रकरण में आवश्यक विवेचना पूर्ण कर



अभियोग पत्र माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। प्रकरण का विचारण अपर सत्र न्यायालय भैंसदेही द्वारा किया गया। अभियोजन के तर्कों से सहमत होते हुए न्यायालय ने अभियोजन मामले को संदेह से परे प्रमाणित मानकर अभियुक्त गोपी धुर्वे पिता सुरेश धुर्वे, उम-51 वर्ष, निवासी ग्राम धारुल, थाना-आठनेर, जिला बैतूल को धारा 307 भादवि में दोषी पाते हुए 7 वर्ष के कठोर कारावास और 5 हजार रुपए के अर्थदंड से दंड़ित किया है।

## शिक्षक सम्मान समारोह, विनोद सिंह ठाकुर को मिला अंग्रेजी साक्षरता पुरस्कार

**अनोखा तीर, भैंसदेही।**

जनपद शिक्षा केंद्र बैतूल में जिला शिक्षा केंद्र और निहार शांति पाठशाला टीम द्वारा आयोजित एक भव्य समारोह में जिले के उत्कृष्ट शिक्षकों को सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण सहायक शिक्षक विनोद सिंह ठाकुर का चयन और सम्मान रहा, जिन्हें प्राथमिक शाला बड़गांव में उनके अंग्रेजी साक्षरता कार्यक्रम में दिए गए उत्कृष्ट योगदान के लिए विशेष पुरस्कार प्रदान किया गया। कार्यक्रम जिला शिक्षा केंद्र, बैतूल में आयोजित किया गया, जहां सम्मानित अंग्रेजी लिटरेसी प्रोग्राम के तहत विनोद सिंह ठाकुर को प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। यह पहल छात्रों में अंग्रेजी भाषा की साक्षरता बढ़ाने के लिए चलाई जा रही है, जिसमें ठाकुर जी का कार्य




सराहनीय रहा। समारोह में जिले के डीसी, एसीपी, जिला शिक्षा अधिकारी सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे, जिन्होंने शिक्षकों के प्रयासों की सराहना की। सम्मान प्राप्त करने के बाद विनोद सिंह ठाकुर ने सभी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि शिक्षकों को प्रोत्साहन और सम्मान देने के इस कदम से शिक्षा क्षेत्र में नई ऊर्जा का संचार होगा। कार्यक्रम के अंत में उन्होंने जिला शिक्षा केंद्र, निहार शांति पाठशाला टीम और उपस्थित सभी अधिकारियों को धन्यवाद देते हुए शिक्षकों के लिए निरंतर मार्गदर्शन की अपील की। श्री ठाकुर ने अन्य शिक्षकों को भी उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्रेरित किया। यह समारोह जिले में शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ, जो शिक्षकों के योगदान को मान्यता देता है।



## भूकंप पूर्व तैयारी एवं क्षमतावर्धन कार्यक्रम आयोजित, दिया प्रशिक्षण

**अनोखा तीर, नर्मदापुरम।** स्थानीय शासकीय कन्या महाविद्यालय में 5 दिवसीय भूकंप पूर्व तैयारी एवं क्षमतावर्धन कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है जो कि 28 मार्च तक जारी रहेगा। जिसमें प्रथम सत्र में शासकीय नियमित अधिकारियों को सम्मिलित किया गया। तथा द्वितीय सत्र में एसीसी, एनएसएस, एनवायके कैडेट्स तथा होमगार्ड, सिविल डिफेंस एवं आपदा मित्र को सम्मिलित किया गया। प्रशिक्षण सत्र में प्लाटून कमांडर शिवराज चौधरी द्वारा आपदा का परिचय भूकंप परिचय एवं इतिहास, प्लाटून कमांडर अमृता दीक्षित द्वारा भूकंप आने पर तात्कालिक कार्यवाही एवं शारीरिक बचाव एवं एसडीईआरएफ टीम द्वारा ड्रेसिंग एवं लाइफ सेविंग कार्य तथा भूकंप आने के कारण, भू गर्भीय हलचल एवं संभावनाएं विषय पर विस्तार से जानकारी दी गई। अंत में प्लाटून कमांडर द्वारा सीपीआर देने के बारे में बताया गया। कार्यशाला में भूकंप में प्रभावित घायलों को इलाज के लिए फर्स्ट एड की जानकारी देने जिला चिकित्सालय से डॉ. संभव जैन को आमंत्रित किया। जिनके द्वारा रक्तस्त्राव को रोकने के उपाय एवं उपचार के बारे में जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षार्थियों ने ड्रेसिंग एवं सीपीआर का हैंड्स ऑन प्रशिक्षण भी प्राप्त किया गया।

## जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जल मंदिर प्याऊ का शुभारंभ

**अनोखा तीर, बुदनी।**

नगर में भीषण गर्मी को देखते हुए आमजन एवं राहगीरों को शीतल जल उपलब्ध कराने के लिए जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जल मंदिर (प्याऊ) की व्यवस्था की गई। यह पहल मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के अंतर्गत गठित नगर विकास प्रस्फुटन समिति के माध्यम से की गई है। प्याऊ का शुभारंभ नगर परिषद अध्यक्ष सुनीता अर्जुन मालवीय द्वारा किया गया। इस सराहनीय पहल से राहगीरों को गर्मी के मौसम में ठंडा एवं स्वच्छ पेयजल सहज रूप से उपलब्ध हो सकेगा। पानी की दैनिक व्यवस्था मां नर्मदा खुशी मिनरल वाटर द्वारा सुनिश्चित की जाएगी, जिससे निरंतर जल आपूर्ति बनी रहे। इस अवसर पर




सांसद प्रतिनिधि अर्जुन मालवीय, पंकज जाट, जन अभियान परिषद के ब्लॉक समन्वयक इंदर कुमार, मनोज अरोरा, राकेश साहू, रामसेवक साहू, शैलेन्द्र कुमार, सचिन मेहरा, जीतेन्द्र साहू, ऋतिक प्रजापति, विकी प्रजापति, रमेश मांझी, नितिन हरियाले सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## डोलरिया में सजेगी रंगमंच की महफिल

### - 28 मार्च से दो दिवसीय डोलरिया नाट्य महोत्सव का आगाज

**अनोखा तीर, नर्मदापुरम।** संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से कला, संस्कृति और रंगमंच को समर्पित कर्मवीर जनशिक्षण एवं संस्कृति समिति नर्मदापुरम, द्वारा आगामी 28 एवं 29 मार्च 2026 को चतुर्थ डोलरिया नाट्य महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। दो दिवसीय इस नाट्य उत्सव का मंचन शासकीय उमा विद्यालय डोलरिया में प्रतिदिन सायं 07 बजे से किया जाएगा। प्रथम दिवस 28 मार्च को महोत्सव का शुभारंभ पूर्वरंग के अंतर्गत पारंपरिक लोकगीतों से होगा। जिसकी प्रस्तुति नवल सिंह पटेल एवं रामकृष्ण भजन मंडल, उमरखेड़ी द्वारा दी जाएगी। इसके पश्चात कर्मवीर सिंह राजपूत के निर्देशन में प्रज्ञान स्कूल, इटारसी के बच्चों द्वारा नाटक नीली झील का मंचन होगा। प्रथम दिन का मुख्य आकर्षण भोपाल की सुप्रसिद्ध संस्था गोसाई लीव्स एंड फ्लावर्स द्वारा प्रस्तुत नाटक रत्नावली होगा, जिसका निर्देशन विभा श्रीवास्तव ने किया है। वहीं द्वितीय दिवस 29 मार्च को महोत्सव के दूसरे दिन की शुरुआत डॉ. दिनेश प्रजापति के निर्देशन में मंच तरंग नाट्य समूह, इटारसी के नाटक एविएटर से होगी। समापन सत्र में भोपाल की अविराम जनकल्याण संस्था द्वारा सुप्रसिद्ध कहानीकार फणीश्वरनाथ रेणु की कालजयी रचना पर आधारित नाटक पंच लाइट का मंचन किया जाएगा, जिसका निर्देशन सुनील राज ने किया है। संस्था के संस्थापक कर्मवीर सिंह राजपूत ने बताया कि इस महोत्सव का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण अंचलों में रंगमंच के प्रति जागरूकता लाना और स्थानीय प्रतिभाओं को एक सशक्त मंच प्रदान करना है। उन्होंने क्षेत्र के समस्त कला प्रेमियों से अधिक से अधिक संख्या में पधारकर कलाकारों का उत्साहवर्धन करने की अपील की है।

# आयुध निर्माणी में प्रमोशन में देरी का विरोध, कर्मचारियों का प्रदर्शन



**अनोखा तीर, इटारसी।**

नगर के आयुध निर्माणी में पदोन्नति में देरी को लेकर कर्मचारियों का गुस्सा सामने आ गया है। शुक्रवार को कर्मचारियों ने विरोध प्रदर्शन शुरू किया और दोपहर के भोजन का बहिष्कार किया। यह आंदोलन भारतीय प्रतिरक्षा मजदूर संघ के आह्वान पर आयुध निर्माणी कर्मचारी संघ (बीएमएस यूनियन) की ओर से किया गया। कर्मचारियों का कहना है कि मास्टर क्राफ्ट्समैन से चार्जमैन पद पर पदोन्नति लंबे समय से अटकी हुई है। अदालतों के आदेश आने के बाद भी प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ रही है। इसके कारण कई कर्मचारी अपने अगले पद पर नहीं जा पा रहे हैं। कर्मचारियों ने बताया कि जब ऊपर के पद खाली नहीं होते, तो नीचे के कर्मचारियों की पदोन्नति भी रुक जाती है। इसी वजह से पूरी व्यवस्था प्रभावित हो रही है और कई लोग लंबे समय से एक ही पद पर काम कर रहे हैं।

प्रदर्शन कर रहे कर्मचारियों का कहना है कि समय पर पदोन्नति नहीं मिलने से उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। इससे कर्मचारियों में असंतोष बढ़ता जा रहा है। यूनियन ने साफ कहा है कि अगर जल्द फैसला नहीं हुआ, तो आंदोलन और तेज किया जाएगा।

शनिवार, 28 मार्च को मुख्य महाप्रबंधक के जरिए कोलकाता स्थित महानिदेशक को ज्ञापन भेजा जाएगा। जेसीएम सदस्य अमित बाजपेई, यूनियन के अध्यक्ष कुलदीप चौधरी, महामंत्री कृष्णा शर्मा, जेसीएम राजेश रोशन, सत्येंद्र शाक्य, अतुल सिंह, दीपेश यादव, अजीत पटेल, जय नारायण विश्वकर्मा, हमीर सिंह, राकेश कुमार, रविंद्र मालवीय, अनंत ज्योतिष, दिनेश सैनी, ललित यादव, रमेश कुमार अजय, विक्रम वर्मा, सुरेश सुरंगे, कालिदास, दिनेश यादव, किसांत, संदीप गौर, प्रभास कुमार, आल्हा वर्मा, जोधराज पारित, जितेंद्र नागर, विपुल निनामा, सौरभ साहू, सचिन श्रीवास्तव, रामू सिंह, सेवक राम साहू एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

**स्वामी,** प्रकाशक एवं मुद्रक प्रहलाद शर्मा द्वारा श्री सिद्धीविनायक प्रिंटर्स, देशबंधु परिसर, प्लॉट नं.26-बी, प्रेस कॉम्पलेक्स, जोन-1, एम.पी.नगर, भोपाल,म.प्र. से मुद्रित अनोखा तीर कार्यालय नया बस स्टैंड के सामने, हरदा, म.प्र. से प्रकाशित। **प्रधान संपादक** सुरेश लोहाना / **संपादक** प्रहलाद शर्मा / **प्रबंध संपादक** महेश कौशिक। फोन : 07577-226771 मो.9425045480, समाचार चयन के लिए पी.आर. बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। **सभी विवादों का न्याय क्षेत्र हरदा रहेगा।**

## सार-समाचार

## पिनेकल एकेडमी का उत्कृष्ट रहा परीक्षा परिणाम

### ● छात्रा आस्था ओनकर ने जिले की प्रावीण्य सूची में बनाई जगह

**अनोखा तीर, हरदा।** पिनेकल एकेडमी के विद्यार्थियों ने कक्षा 5वीं एवं 8वीं बोर्ड परीक्षाओं में शानदार प्रदर्शन करते हुए जिले की प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त किया है। संस्था ने शत-प्रतिशत परिणाम के साथ अपना उत्कृष्ट रिकॉर्ड कायम रखा है। संस्था के डायरेक्टर अब्दुल सईद खान ने बताया कि कक्षा 8वीं की छात्रा आस्था ओनकर ने 92.3 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले की प्रावीण्य सूची में प्रथम स्थान हासिल किया है। वहीं, कक्षा 5वीं में हरदा ब्लॉक स्तर पर प्रतीक्षा यादव ने 91.5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। संस्था स्तर पर कक्षा 8वीं में द्वितीय स्थान कनक भाटी 91.3 प्रतिशत और तृतीय स्थान अदिति तिवारी 91 प्रतिशत का रहा। वहीं कक्षा 5वीं बोर्ड में संस्था स्तर पर द्वितीय स्थान परी सूर्यवंशी 91 प्रतिशत एवं तृतीय स्थान मानवी चावड़ा 90.25 प्रतिशत ने प्राप्त किया। संस्था के प्रबंधन एवं स्टाफ ने सभी विद्यार्थियों को उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम के लिए बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।







## श्री पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर में भव्य धर्मध्वजा फहराई

**अनोखा तीर, हरदा।** नगर के इंदौर रोड स्थित 1008 श्री पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर (हरसूद वाला) में शुक्रवार को भगवान पारसनाथ की प्राचीन प्रतिमा के सानिध्य में शुभ मुहूर्त पर मंदिर के शिखर पर भव्य धर्म ध्वजा फहराई गई। यह आयोजन जैन धर्म की आस्था, परंपरा और गौरव का प्रतीक बना, जिसने पूरे परिसर को धार्मिक एवं सांस्कृतिक वातावरण से सराबोर कर दिया। ध्वजारोहण से पूर्व मंत्रोच्चार के बीच विधि-विधान से पूजन-अर्चन संपन्न हुआ, जिसे पुजारी मनोज जैन ने संपन्न कराया। मंदिर समिति के सचिव सचिन सिंघई ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रात :काल शास्त्रोक्त विधि से ध्वज की शुद्धि की गई, जिसके पश्चात मंदिर के मुख्य शिखर सहित चारों दिशाओं में विधिवत ध्वजारोहण किया गया। मंदिर के मुख्य शिखर पर धातु ध्वज फहराने का सौभाग्य पंडित प्रदीप जैन शिक्षक परिवार को प्राप्त हुआ, जबकि जैन धर्म की पताका फहराने का सौभाग्य योगेश जैन अमरावती को मिला। वहीं चारों दिशाओं में ध्वजारोहण का अवसर राजीव-रविंद्र जैन परिवार, छविंद्र-भूपेंद्र जैन परिवार, पंडित मनोज जैन परिवार एवं वीरेन्द्र जैन परिवार को प्राप्त हुआ। कार्यक्रम के उपरांत पंडित प्रदीप जैन के सौजन्य से उपस्थित श्रद्धालुओं के लिए स्वल्पाहार की व्यवस्था की गई।



### ध्वजारोहण का धार्मिक महत्व

जैन धर्म में मंदिर के शिखर पर ध्वजा फहराने का विशेष महत्व है। मान्यता है कि दूर से ध्वजा के दर्शन कर 'नमो जिणाणं' कहकर प्रणाम करने मात्र से भगवान के दर्शन का पुण्य फल प्राप्त होता है। इस अवसर पर दिगंबर जैन समाज के अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे, जिनमें योगेश जैन, पंकज रपरिया, छविंद्र बजाज, राजीव जैन, मनोज जैन, प्रदीप जैन, आयुष बजाज, मीना कठनेरा, शशि जैन, प्रियंका जैन, भावना बजाज एवं संगीता बकेबरिया सहित अन्य समाजजन शामिल रहे।

## एमपी में सड़कों पर पुलिस नहीं कैमरे काट रहे चालान

### तीन साल में 32 लाख वाहनों पर जुर्माना, कागजी चालान सिर्फ 0.2 प्रतिशत ही बचे



**अनोखा तीर, भोपाल।** एमपी में ट्रैफिक नियम तोड़ने वालों पर कार्रवाई का तरीका पूरी तरह बदलता नजर आ रहा है। अब सड़कों पर खड़े पुलिसकर्मियों से ज्यादा कैमरे चालान काट रहे हैं। पिछले तीन साल में प्रदेश में करीब 32.5 लाख ई-चालान जारी हुए हैं और यह संख्या तेजी से बढ़ी है। मध्यप्रदेश समेत देशभर में ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन पर अब ज्यादातर चालान ई-चालान सिस्टम के जरिए किए जा रहे हैं। यह पूरी तरह डिजिटल व्यवस्था है, जिसमें सड़क पर लगे कैमरे, सॉफ्टवेयर और सरकारी डाटाबेस मिलकर काम करते हैं। पहले जहां पुलिसकर्मी मौके पर रोककर चालान बनाते थे, अब वही काम ऑटोमेटेड सिस्टम कर रहा है।

### तीन सालों में 20 प्रतिशत बढ़े ई-चालान

लोकसभा में पेश किए गए आंकड़े बताते हैं कि एमपी में ई-चालान का आंकड़ा तीन सालों में 20 फीसदी तक बढ़ा है। साल 2023 में मात्र 89,783 ई चालान हुए थे। 2024 में 13,43,771 ई-चालान हुए। वहीं पिछले साल 2025 में यह आंकड़ा बढ़कर 18,13,967 पर पहुंच गया है। तीन सालों में कुल 32,47,521 ई-चालान हुए हैं।

### हर साल घट रहा कागजी चालान का सिस्टम

एमपी में पिछले तीन सालों में कागजी चालान के आंकड़े देखें तो मेन्युअल चालानी कार्रवाई लगभग समाप्ति की ओर नजर आती है। 2023 में 2,983 मेन्युअल चालान हुए थे। वहीं 2024 में ये आंकड़ा घटकर 1,386 पर आ गया।

## नरवाई जलाना पड़ा महंगा

# 4 किसानों पर 5-5 हजार का जुर्माना

**अनोखा तीर, हरदा।**

कलेक्टर सिद्धार्थ जैन के निर्देश पर खिरकिया में नरवाई जलाने के खिलाफ कार्रवाई की गई। खिरकिया एसडीएम शिवांगी बघेल ने चार किसानों पर 5-5 हजार रुपए का जुर्माना लगाया है। जिन किसानों पर जुर्माना लगाया गया है, उनमें संतोष मांगीलाल धनवाड़ा, अशोक फूलचंद सालाबेड़ी, फूलचंद रामप्रसाद धनवाड़ा और मोहन तेजराम धनवाड़ा शामिल हैं। पटवारी और एईओ की रिपोर्ट के आधार पर इन किसानों की ओर से नरवाई जलाने की पुष्टि हुई थी।

### उल्लंघन पर होगी कार्रवाई

कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने 6 मार्च को हरदा जिले में नरवाई जलाने पर प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए थे। इन आदेशों का पालन सुनिश्चित करने के लिए सैटेलाइट के माध्यम से भी निगरानी की जा रही है। एसडीएम शिवांगी बघेल ने किसानों से अपील की है कि वे फसल अवशेष का उचित प्रबंधन करें और इसे न जलाएं।

उन्होंने बताया कि पराली जलाने से भूमि की उर्वरक क्षमता, जीव-जंतुओं और पर्यावरण पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है, साथ ही आग लगने का खतरा भी बना रहता है। एसडीएम ने चेतावनी दी है कि फसल अवशेष जलाने पर संबंधित किसान के खिलाफ अर्थदंड के साथ दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।



## गेहूं की खड़ी फसल में भीषण आग, 40-50 एकड़ फसल जलकर हुई राख

**अनोखा तीर, सिवनी मालवा।** ग्राम बाबड़िया में शुक्रवार दोपहर अज्ञात कारणों से गेहूं की खड़ी फसल में भीषण आग भड़क उठी। तेज हवा के चलते लपटें पलक झपकते ही कई खेतों तक फैल गईं और देखते-ही-देखते लगभग 40 से 50 एकड़ गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। किसानों की मेहनत चंद मिनटों में बर्बाद हो गई, जिससे क्षेत्र के अन्नदाताओं को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, आग सबसे पहले बाबड़िया के बाहरी छोर स्थित खेतों में देखी गई। ग्रामीणों ने प्रारंभिक स्तर पर फसल बचाने के लिए प्रयास किए पर हवा की रफ्तार के कारण आग बेकाबू हो गई। सूचना मिलते ही एसडीएम विजय राय, तहसीलदार और पुलिस बल मौके पर पहुंचे। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए अतिरिक्त फायर ब्रिगेड की गाड़ी बुलाई गई। ग्रामीणों ने निजी टैंकर और पंपों की मदद से मोर्चा संभाला। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि आवागमन प्रभावित हुआ और आग बहुत दूर तक फैल गई, जिससे पूरे क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद प्रशासन और ग्रामीणों के संयुक्त प्रयास से आग पर काबू पाया जा सका। प्रशासन ने नुकसान का आकलन शुरू कर दिया है। किसानों ने शासन से तत्काल सर्वे कर मुआवजे की मांग की है ताकि रबी सीजन की बर्बाद फसल की भरपाई हो सके। पुलिस ने आग लगने के कारणों की जांच शुरू कर दी है, जबकि ग्रामीणों ने भविष्य में फायर ब्रिगेड की पर्याप्त व्यवस्था और त्वरित प्रतिक्रिया की मांग दोहराई है।



## रामनवमी पर निकली शोभायात्रा, जगह-जगह हुआ स्वागत



**अनोखा तीर, टिमरनी।** रामनवमी के पावन अवसर पर शुक्रवार को नगर में भव्य एवं विशाल शोभायात्रा निकाली गई। बैण्ड-बाजों, ढोल-ताशों और जय श्रीराम के उद्घोष के साथ निकली इस शोभायात्रा में श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। शोभायात्रा में पांच आकर्षक रथ-बग्गियां शामिल रहीं। इसमें भगवान श्रीराम दरबार की मनमोहक झांकी सजाई गई एवं भगवान श्रीराम की प्रतिमा विराजमान रही। वहीं क्षेत्र के पूज्य संत भी रथ पर उपस्थित रहे। बड़ी संख्या में महिला-पुरुष श्रद्धालु ढोल-ताशों की धुन पर शामिल हुए, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। शोभायात्रा का शुभारंभ प्राचीन शंकर मंदिर, टिमरनी से हुआ, जो गांधी चौक, इतवारा बाजार, गुर्जर छात्रावास, सूर्या टॉवर, न्यू मार्केट और बस स्टेशन होते हुए कृषि उपज मंडी प्रांगण, टिमरनी पहुंची, जहां इसका समापन हुआ। पूरे मार्ग में सामाजिक संगठनों, राजनीतिक दलों एवं नागरिकों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। जगह-जगह पुष्पवर्षा कर श्रद्धालुओं का अभिनंदन किया गया। इस दौरान नगर भगवा रंग में रंगा नजर आया और हर ओर राम नाम की गूंज सुनाई दी। समापन स्थल पर महाआरती एवं विशाल भोजन प्रसादी का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए। आयोजन समस्त हिन्दू समाज, टिमरनी द्वारा किया गया, जिसे सफल बनाने में नगरवासियों का सराहनीय सहयोग रहा।

# पालने में झूले श्रीराम लला



## पट्टाभिराम मंदिर में धूमधाम से मनाया भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव

**अनोखा तीर, हरदा।** शहर के गढ़ीपुरा स्थित पट्टाभिराम मंदिर में शुक्रवार को भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर नारदीय परंपरा के अनुसार हरिकीर्तन का आयोजन किया गया, जिसमें रामलला के जन्म से लेकर वनवास और राज्याभिषेक तक की कथा का सजीव चित्रण किया गया। महाराष्ट्र के पुणे से आई कीर्तनकार अवंतिका साठे ने नारदीय शैली में भगवान के रामजन्मोत्सव का वर्णन किया। दोपहर 12 बजे भगवान राम के जन्म होते ही भक्तों ने जय श्रीराम के जयकारे लगाए और राम जन्म की स्तुति की। मंदिर के पट खुलने के बाद भक्तों ने भगवान के बाल रूप के दर्शन किए। पुजारियों ने भगवान के बाल रूप को माता कौशल्या के रूप में बैठी महिला की गोदी में रखा, जिसके बाद उन्हें फूलों से सजे पालने में विराजमान किया गया। जन्मोत्सव में शामिल भक्तों ने भगवान के बाल रूप को पालने में झुलाकर आनंद लिया और बाद में प्रसादी वितरित की गई। यह मंदिर गुरु गोंदवलेकर महाराज से संबंधित है और अपनी प्राचीन राजस्थानी शैली के लिए जाना जाता है। इस जन्मोत्सव में शामिल होने के लिए इंदौर, भोपाल के साथ-साथ महाराष्ट्र से भी भक्त हर साल हरदा पहुंचते हैं। नारदीय परंपरा में कीर्तन गद्य और पद्य दोनों में होता है। इसमें भगवान रामचंद्र जी के जन्म से लेकर राज्याभिषेक तक की कथा को पहले गद्य में और फिर उसके हिंदी अनुवाद के साथ पद्य में प्रस्तुत किया जाता है। मंदिर समिति के सदस्य दिलीप गोड़बोले ने बताया कि यह भजन की एक विशेष शैली है, जिसमें कथा कहते हुए उसे पद्य में गाया जाता है। उन्होंने यह भी बताया कि इस प्राचीन परंपरा के कीर्तनकार अब बहुत कम बचे हैं।



# तवा डेम से 766 क्यूसेक पानी छोड़ा, 29 मार्च को पहुंचेगा नहरों में

**अनोखा तीर, हरदा।**

27 मार्च सुबह 9 बजे प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी भारतीय किसान संघ द्वारा नहर उत्सव मनाने के लिए तवा डेम पहुंचकर मूंग सिंचाई की शुरुआत की गई। इस दौरान सर्वप्रथम भगवान भोलेनाथ, हनुमान जी तथा नहर, डेम एवं जल देवता का विधि-विधान से पूजन किया गया। इसके बाद हरदा एवं नर्मदापुरम जिले की मूंग फसल सिंचाई के लिए तवा बांयी तट मुख्य नहर में प्रारंभिक तौर पर 766 क्यूसेक पानी छोड़ा गया। नहर में पानी की मांग के अनुसार इसे धीरे-धीरे बढ़ाया जा रहा है। यह पानी 28 मार्च की रात में हरदा जिले में पहुंचेगा तथा 29 मार्च से जिले की सभी नहरों में पानी दिखाई देने लगेगा, जिससे ग्रीष्मकालीन मूंग फसल की सिंचाई शुरू हो जाएगी।

भारतीय किसान संघ के जिला जल संसाधन विभाग प्रभारी दीपचंद नवाद ने बताया कि 19 मार्च 2013 को पहली बार मूंग फसल के लिए तवा डेम से पानी की मांग को लेकर संगठन के पदाधिकारी सुरेश दोगने, नरेंद्र दोगने, विनोद पाटिल, विजय मलगाया और दीपचंद नवाद भोपाल पहुंचे थे। वहां तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं अवर मुख्य सचिव राधेश्याम जुलानिया से सहमति प्राप्त कर ग्रीष्मकालीन मूंग फसल के लिए पानी छोड़ा गया था। इसके बाद कई बार तवा डेम से पानी छोड़े जाने से किसानों को अरबों रुपये का लाभ हुआ, लाखों लोगों को रोजगार मिला तथा व्यापारियों और शासन को भी करों के रूप में फायदा हुआ। उन्होंने कहा कि हरदा एवं नर्मदापुरम जिले में कृषि क्षेत्र में जो प्रगति दिखाई दे रही है, उसमें तवा डेम के जल का महत्वपूर्ण योगदान है। नवाद ने बताया कि नहर एवं जल पूजन का मुख्य उद्देश्य आमजन में जल एवं नहरों के प्रति सम्मान की भावना जागृत करना है, ताकि पानी की एक-एक बूंद का सदुपयोग हो और व्यर्थ बहने वाले पानी को रोककर पेयजल व रबी सिंचाई के साथ ग्रीष्मकालीन मूंग फसल के लिए अधिक जल उपलब्ध कराया जा सके।



### निरीक्षण में मिली खामियां

नहरों के निरीक्षण के दौरान पाया गया कि कई स्थानों पर नहर का एफ.एस.एल. लेवल, नहर का नाम एवं डिजाइन डिस्चार्ज अंकित नहीं है, जबकि बैठकों में सभी गेज तैयार होने की जानकारी दी जाती है। एक मुख्य नहर के गेज पर नंबर भी अंकित नहीं पाए गए, जो विभागीय लापरवाही को दर्शाता है। प्रतिनिधिमंडल में भारतीय किसान संघ के जिला मंत्री विजय मलगाया, जिला जल संसाधन विभाग प्रभारी दीपचंद नवाद, बाबूलाल कमेड़िया, प्रेमनारायण बीड़ा एवं हर्ष नवाद मौजूद रहे। वहीं सिंचाई विभाग से तवा डेम के इंचार्ज एसडीओ एन.के. सूर्यवंशी, सब इंजीनियर सोनारे, ईएन डैम एसडीओ विजय पांचाल, ईएन डैम सब इंजीनियर मनीष सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## हरदा में जल संकट...

### ● निजी नलकूप खनन और सिंचाई पर रहेगा प्रतिबंध

**अनोखा तीर, हरदा।** जिले में गिरते भू-जल स्तर को देखते हुए प्रशासन ने कड़े कदम उठाए हैं। कलेक्टर सिद्धार्थ जैन द्वारा जारी आदेश के अनुसार, हरदा जिले में 1 अप्रैल से 31 जुलाई 26 तक जल अभावग्रस्त स्थिति घोषित की गई है। आदेश में बताया गया है कि पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष भू-जल स्तर में लगभग 39.8 लीटर की गिरावट दर्ज की गई है। बढ़ती गर्मी और तापमान के कारण जल स्रोतों पर दबाव बढ़ रहा है, जिससे पेयजल संकट की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए म.प्र. पेयजल परिरक्षण अधिनियम के तहत पूरे जिले में नलकूप (ट्यूबवेल) और हैंडपंप के खनन पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगा दिया गया है। बिना सक्षम अनुमति के कोई भी व्यक्ति निजी ट्यूबवेल या हैंडपंप नहीं खोद सकेगा। इसके अलावा, जल स्रोतों से कृषि सिंचाई और औद्योगिक उपयोग के लिए भी बिना अनुमति पानी लेने पर रोक लगाई गई है। आदेश का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर ने कहा कि यह निर्णय जनता को पेयजल उपलब्ध कराने और जल वितरण व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के उद्देश्य से लिया गया है। साथ ही, नलकूप खनन और सिंचाई की अनुमति जारी करने के लिए संबंधित अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) को अधिकृत किया गया है। प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे पानी का समुचित उपयोग करें और जल संरक्षण में सहयोग दें, ताकि आने वाले महीनों में किसी बड़े संकट से बचा जा सके।